वर्ष- 21 अंक - 224 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12



दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, बुधवार 28 जनवरी 2026





# प्लेन क्रैश में अजित पवार का निधन

## हादसे में 5 लोगों की मौत, जल गया पूरा विमान बिखरा मलबा, दूर तक धुआं ही धुआं

बारामती ● एजेंसी

राकांपा नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को ले जा रहा एक विमान बारामती में हादसे का शिकार हो गया. इस हादसे में अजित पवार सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। आज सुबह महाराष्ट्र के बारामती में लैंड के वक्त प्लेन क्रैश हो गया। रनवे के पास खेत में गिरे इस प्लेन में आग लग गई। दूर-दूर तक प्लेन का मलबा बिखर गया और चारों तरफ धुआं ही धुआं हो गया। अजित पवार चुनाव प्रचार के लिए बारामती जा रहे थे, उनके साथ 3 अन्य लोग भी थे। अजित पवार के साथ 3 लोग थे। वे मुंबई से बारामती जा रहे थे। यह एक प्राइवेट कंपनी का प्लेन था।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस के अलावा देश और विदेश के कई नेताओं ने अजित पवार के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

मौके से सामने आई तस्वीरों और वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान खेत में गिरा हुआ है और उसमें भीषण आग लगी हुई है. चारों तरफ तेज धुआं उठता दिखाई दे रहा है. विमान पूरी तरह जलकर राख हो चुका है और उसके टुकड़े दूर-दूर तक बिखरे नजर आ रहे हैं।

### दिल्ली से बारामती के लिए रवाना हो रहा पवार परिवार

अजित पवार के प्लेन के क्रैश की खबर मिलते ही चाचा शरद पवार और उनका परिवार सदमे में आ गया। सुप्रिया सुले, सुनेत्रा पवार और पार्थ पवार दिल्ली से बारामती के लिए रवाना हो गए हैं। रवाना होने से पहले तीनों नेता शरद पवार के आवास पर एक साथ मौजूद थे।

### महाराष्ट्र की सियासत के बेताज बादशाह थे अजित पवार

सियासत के बेताज बादशाह कहे जाने वाले अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार की उंगली पकड़कर राजनीति में कदम रखा, लेकिन 2022 में शरद पवार से अलग अपनी राजनीतिक लकीर खींची और बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बनाई। अजित पवार ने अपने 45 साल के सियासी सफर में एक बार सांसद और सात बार विधायक रहे और डिप्टी सीएम के पद पर पहुंचे। अब अजित पवार की राकांपा का क्या होगा, इसको लेकर भी अटकलें लग रही हैं। उनकी पार्टी का विलय शरद पवार की राकांपा में होगा या कोई नया नेता आगे आकर अजित पवार की पार्टी को संभालेगा।

### हादसे के कुछ मिनट पहले अजित पवार ने किया था सोशल मीडिया पर पोस्ट

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने प्लेन क्रैश से करीब आधे घंटे पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इस पोस्ट में अजित पवार ने लाला लाजपत राय को याद किया था।

### प्लेन हादसे में हो चुकी है कई नेताओं की मौत

अजित पवार से पहले देश के कई नेताओं की मौत प्लेन हादसे में हो चुकी है, जिनमें संजय गांधी, माधवराव सिंधिया, बाल योगी, वाय एस रेड्डी, विजय रुपाणी के नाम प्रमुख हैं।

## इंडिया यूएई डील से झूमा शेयर बाजार

भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए 'मदर ऑफ ऑल डील्स' का सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला है। आज बाजार खुलते ही सेंसेक्स-निफ्टी ने लंबी छलांग लगा दी है. बीएसई सेंसेक्स ओपनिंग के साथ 650 अंक के आसपास उछल गया। इसी तरह निफ्टी में भी तेजी दर्ज की गई।

### संसद का बजट सत्र शुरू

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** संसद का बजट सत्र आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण के साथ शुरू हो गया। 1 फरवरी रविवार को इस सत्र में बजट पेश होगा।

### शशि थरूर फिर नदारद

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसदज शशि थरूर ने सोनिया गांधी के आवास पर हुई पार्टी की हाई-लेवल मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया। पिछले चार दिनों में यह दूसरी बार था, जब शशि थरूर कांग्रेस की बड़ी बैठक में नदारद रहे।

## बर्फीला तूफान... होटलों के ऊपर छा गया गुबार

**सोनमर्ग, (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल सोनमर्ग से भयावह वीडियो सामने आया है, जिसमें पहाड़ों से अचानक टूटकर गिरता विशाल बर्फीला सैलाब यानी एवलांच नजर आ रहा है। यह खौफनाक मंजर होटल इलाके का है, जहां कुछ ही सेकंड में पहाड़ों के बीच बर्फ के गुबार ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है एवलांच होटल परिसर से थोड़ी दूरी पर रुक गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।**



## चांदी और सोना फिर रिकार्ड ऊंचाई पर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज सुबह से एमसीएक्स पर चांदी और सोना जो बढ़ना शुरू हुआ तो वह सुबह 10.30 बजे तक काफी तेजी से ऊंचाई की ओर दाम जाते दिखे। आज सुबह करीब साढ़े 24 हजार रु. चांदी में और सोने में करीब साढ़े 4 हजार रु. की रिकार्ड ऊंचाई की तेजी नजर आई। एमसीएक्स में और सराफा बाजार में दाम में भी काफी अन्तर है। इधर चांदी में कम दाम बाजारों में नजर आ रहे हैं, वहीं सोना में तो उलटा भाव प्रीमियम पर दिख रहा है। सामाचार लिखे जाने तक आज एमसीएक्स पर चांदी का भाव 3 लाख 83 हजार 100 रु. है। वहीं सोना 1 लाख 62 हजार रु. प्रति 10 ग्राम है, जिसमें सोना आज 1 लाख 62 हजार 429 रु. के हाई पर भी पहुंचा था।

**आज दाम बढ़ने का भी रिकार्ड तोड़ा, कुछ ही घंटों में 27 हजार के करीब बढ़े भाव**

# मोदी के दिल में है एमपी फिर भी अटक गए 34600 करोड़

## कमलनाथ ने आंकड़े जारी कर हकीकत बताई, हर विभाग है दिल्ली के पैसे के इंतजार में





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव हुआ था उस समय पर भाजपा के द्वारा यह प्रचार किया गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में एमपी है। इस प्रचार के आधार पर एक नेरेटिव सेट करते हुए पार्टी ने इस चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल किया। इस समय स्थिति यह है कि इस वित्त वर्ष के मध्य प्रदेश के 34600 करोड रुपए दिल्ली की सरकार के द्वारा अभी तक नहीं दिए गए हैं। प्रदेश के एक भी विभाग को उसके अधिकार की राशि दिल्ली से नहीं मिल सकी है।

इस हकीकत का खुलासा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने टि-वटर अकाउंट पर जारी की गई पोस्ट से किया है। इस पोस्ट में उन्होंने सारे आंकड़े जारी करते हुए बताया है कि चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल से लेकर जनवरी तक की अवधि में केंद्र सरकार से मध्य प्रदेश सरकार को केवल 9753 करोड रुपए मिल सके हैं। इस अवधि में मध्य प्रदेश को कुल 44353 करोड रुपए प्राप्त होना चाहिए थे। अब जब वित्त वर्ष समाप्त होने में मात्र ढाई महीने शेष है उस समय पर केंद्र सरकार से मध्य प्रदेश को 34600 करोड रुपए लेना है।

किस विभाग के केंद्र सरकार से कितने पैसे बनते हैं और कितने मिले हैं इसका विस्तृत डाटा कमलनाथ ने जारी किया है। इस डाटा के माध्यम से उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश के दिग्गज मंत्री भी अपने विभाग की राशि दिल्ली से नहीं ला सके हैं। ऐसे में दिल्ली से मिलने वाले पैसे के दम पर जिन योजनाओं का संचालन करने की घोषणा प्रदेश की सरकार के द्वारा की गई थी उन योजनाओं के क्रियान्वयन की राह मुश्किल हो गई है।

### डबल इंजन सरकार पर कटाक्ष

कमलनाथ के द्वारा अपनी इस पोस्ट के माध्यम से भाजपा के चुनावी नारे डबल इंजन सरकार पर भी कटाक्ष किया गया है। उन्होंने लिखा है कि डबल इंजन सरकार होने के बावजूद जब मध्य प्रदेश को उसके अधिकार के पैसे नहीं मिल रहे हैं तो फिर डबल इंजन सरकार का क्या मतलब है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा है कि यदि प्रदेश को उसके अधिकार के पैसे दिल्ली से नहीं मिले तो प्रदेश के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट पैदा हो जाएगा। वैसे भी प्रदेश सरकार के द्वारा लगातार कर्ज लेकर काम चलाया जा रहा है।

# मतदाता सूची को लेकर फर्जी आपत्तियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बेग ने बताया कि इंदौर शहर में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फर्जी आपत्तियाँ दर्ज कराई जा रही है। यह गम्भीर मामला है। बेग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त इन्दौर के निर्वाचन अधिकारी से मांग की गई कि फर्जी आपत्ति लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएं। बेग ने कहा कि इंदौर की कुछ विधानसभा क्षेत्रों में यह देखने में आ रहा है कि कुछ फर्जी और असामाजिक तत्व जानबूझकर झूठी आपत्तियाँ दर्ज कराकर मतदाता सूची से पात्र नागरिकों के नाम कटवाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) द्वारा निष्पक्ष जांच के बाद नामों को मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में फर्जी



लोग दूसरों की पहचान पत्र (आईडी) का दुरुपयोग कर आपत्तियाँ दर्ज कर रहे हैं, जो जांच में झूठी साबित हो रही हैं। इसके बावजूद इन आपत्तियों के कारण बी.एल.ओ. को बार-बार जांच करनी पड़ रही है, जिससे वे मानसिक और प्रशासनिक रूप से परेशान हो रहे हैं। मंजूर बेग ने कहा कि वर्ष 2026 की मतदाता सूची एस आई आर जारी हो चुकी है और पात्र नागरिकों के नाम उसमें दर्ज हैं, इसके बाद भी लगातार फर्जी आपत्तियाँ लेकर प्रशासन को भ्रमित करने और आम जनता को परेशान करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने निर्वाचन अधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर फर्जी आपत्तियाँ दर्ज कराने वालों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता बनी रहे। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्वाचन अधिकारी इस मामले में आवश्यक सतर्कता नहीं बरतते हैं, तो संस्था सर्वधर्म संघ को न्यायालय का सहारा लेना पड़ेगा।



# चार माह में स्विमिंग पूल शुरू करने के निर्देश

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक दो स्थित अटल खेल संकुल परिसर का निरीक्षण किया। महापौर ने संकुल में स्विमिंग पूल के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्विमिंग पूल का निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए और आगामी चार माह के भीतर इसे पूरी तरह तैयार कर आम खिलाड़ियों के लिए प्रारंभ किया जाए। इस दौरान राजेन्द्र राठौर, पूजा पाटीदार, मनोज मिश्रा सहित अन्य भी मौजूद थे।

## राहुल गांधी ने लिखा कासलीवाल को पत्र

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कांग्रेस आलाकमान और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल के पुत्र प्रखर कासलीवाल के आकस्मिक निधन पर शोक पत्र भेजा और संवेदना व्यक्त भी की।




# खंडेलवाल के आयोजन में उड़ी हजारों पतंग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था सृजन के बैनरतले इस वर्ष भी बिजासन रोड स्थित आईडीए ग्राउंड पर पतंगबाजी का आयोजन कराया गया। काफी दूरी तक आसमान में बडी संख्या में पतंगे दिखती रही। पतंगबाजी के अलावा सामाजिक समरसता मिलन समारोह भी हुआ। 150 समाजों के हजारों समाजजनों ने टिफिन पार्टी भी की, हजारों की तादाद में पतंगबाजों ने पतंगबाजी में शिरकत की। छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक ने शिरकत की, यहां तक कि संतों ने भी पतंग उडाई। इसमें इंदौर सहित 12 जिलों के पतंगबाजो ने भाग लिया। पतंग उत्सव, मिलन और टिफिन पार्टी का आयोजन करीब साढ़े 7 घंटे तक चला। उत्तम स्वामी महाराज भी मौजूद रहे। उनकी अगवानी और स्वागत कमलेश खंडेलवाल ने किया। देशभक्ति के गीत भी गूंजे। तनूजा खंडेलवाल के साथ मातृशक्तियों की टीम ने भी अपनी भूमिका निभाई। चायनीज डोर पूरी तरह प्रतिबंधित थी, गुजरात से डोर मंगवाई गई थी। आतिशबाजी भी हुई और पतंगबाजी प्रतियोगी में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, महंत पवन दास महाराज सहित अन्य सम्मिलित हुए।

# कांग्रेसियों ने किया रेल इंजन के सामने प्रदर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रशासनिक अव्यवस्था, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था और भागीरथपुरा में हुई दूषित पानी से मौत और बीमारी को लेकर कांग्रेस नेता देवेन्द्रसिंह यादव के नेतृत्व में डमी रेल इंजन के सामने प्रदर्शन किया गया। महू में दूषित पानी से बीमार हुए लोगों का मुद्दा भी उठाया गया। रेलवे स्टेशन पर खड़े डमी रेल इंजन पर कांग्रेसी मुखौटा लगाकर पहुंचे वहां नाटक का मंचन भी किया। इस



दौरान कमलेश पाठक, सन्नी राजपाल, गिरीश चितले, नितिश भारद्वाज, जगदीश जाम्बेकर, चंदन सोनिकया, राजीक खान, अख्तर जावेद, अलीम शेख, शेख सलीम, अजय शर्मा, महेंद्र सिंह यादव, लक्ष्मण खत्री, रविकांत सैनी, लवेश यादव, विशाल चतुर्वेदी, दिनेश तंवर, विनोद वर्मा, कमल राणे, सुनील सिंह अवधिया, पीके उपाध्याय, मनोहर तोमर, विभाष शर्मा, यशपाल गहलोत, पप्पू यादव, चंदन सोनकिया उपस्थित थें।



## भाजपा नेता ने किया सांसद का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का दिल्ली में इंदौर से जुड़े भाजपा नेता सुनील पुरोहित, टिकेंद्र सिंह, ललित यादव, यश सैनी ने सम्मान किया।



# भार्गव ने सुनी नागरिकों की आवाज मौके पर हुए कई समाधान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा क्षेत्र-2 के वार्ड क्रमांक 32 में आयोजित 'संकल्प से समाधान' शिविर में जनसंवाद का आयोजन हुआ। नागरिकों की बात सुनी गई और जो-जो समस्याएं है उन्हें जल्द समाप्त करने के निर्देश दिए, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा मिले। इस दौरान राजेन्द्र राठौर, पूजा पाटीदार, मनोज मिश्रा, संजय चौधरी, महेन्द्र ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# भागीरथपुरा में पहलवान का शव रखकर बेटे के लिए की सरकारी नौकरी की मांग

## समय पर इलाज नहीं मिलने का भी आरोप

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।उल्टी दस्त की शिकायत के बाद कल भागीरथपुरा में रहने वाले



पहलवान खूबचंद पिता गन्नूदास की मौत हो गई थी। आज परिजनों ने भागीरथपुरा पुलिस चौकी के सामने शव रखकर कई मांगें की। परिजनों का आरोप है कि पहलवान को समय पर इलाज नहीं मिला। इधर परिजनों ने मृतक के पुत्र के लिए नौकरी की मांग भी की।

भागीरथपुरा पुलिस चौकी के सामने आज खूबचंद पहलवान का शव रखकर परिजनों ने मा-



ंग की। परिजनों की मांग थी कि मृतक के परिवार को सहायता राशि दी जाएं। वहीं मृतक खूबचंद के बेटे रोहित को नौकरी भी दी जाएं। परिजनों ने कहा कि खूबचंद पहलवान को समय पर इलाज नहीं मिला। कल वे इलाज के लिए संजीवनी क्लिनिक गए थे जहां से वे दवाई लेकर वापस लौट गए। कुछ समय बाद जब तबीयत बिगडी तो खूबचंद की पत्नी संजीवनी क्लिनिक पर एम्बुलेंस भेजने के लिए बोलने पहुंची जिसके बाद उनकी मौत हो गई। बेटे का आरोप है कि समय पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची। हालांकि फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है। दूषित पानी से खूबचंद की मौत की अधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है।

## भागीरथपुरा में महिला की मौत

### उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद किया था भर्ती

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भागीरथपुरा में उल्टी-दस्त जैसी बीमार की शिकायत के बाद इलाजरत लोगों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। कल शाम खूबचंद पहलवान की मौत के बाद देर रात एक महिला की मौत हो गई। महिला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया था जहां चिकित्सकों ने उन्हें फेफड़ों-किडनी में इन्फेक्शन बताया था।



मिली जानकारी के अनुसार भागीरथपुरा जैन दूध के समीप स्थित गली में रहने वाली लक्ष्मीदेवी रजक (65) की बीती रात मौत हो गई। वे पिछले एक सप्ताह से अस्वस्थ थी उनका स्कीम नं. 114 स्थित सीएचएल अस्पताल में इलाज जारी था। कल रात तबीयत ज्यादा बिगड़ने के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया। परिजनों के अनुसार दूषित पानी पीने के बाद उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। फिलहाल इस मौत की दूषित पानी से होने को लेकर कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। परिजन अंतिम यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। इधर सोशल मीडिया और मीडिया रिकॉर्ड्स के अनुसार अब तक 29 मौत हो चुकी है, जिसके बाद अब इसे तीसवीं मौत दूषित पानी के बाद भागीरथपुरा में माना जा रहा है।

## यूजीसी मामले में आज शाम बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यूजीसी मामले में जहां कल एक गुट सुबह गांधी हाल में एकत्रीकरण के बाद कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देगा। वहीं दूसरा गुट किशोरसिंह पंवार के मार्गदर्शन में तीनों घटक और सभी संगठन के पदाधिकारियों को बुलाकर आज शाम 4 बजे गांधी हॉल में बैठक करेंगे और आगे के आन्दोलन की रणनीति बनाएंगे।

## भागीरथपुरा के मृतक परिवार में मिले सरकारी नौकरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भागीरथपुरा पीड़ित परिवार सर्व विकास संघ के रानू मलोरिया, प्रवीण सूर्यवंशी, विजय कैथवास ने बताया कि भागीरथपुरा में दूषित जल पीने से कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है और अब जो मृत्यु हो रही है उन पर स्वास्थ्य विभाग अन्य बीमारी का कारण बता रहा है वह भी गलत है। इधर यह भी कहा गया कि पीड़ित अस्पताल में भर्ती हुए तो उनसे भी इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली गई, जबकि घोषणा की गई थी कि इनका इलाज निःशुल्क होगा, भुगतान शासन करेगा। मृतकों के पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी दी जाना चाहिए और जो दूषित पानी पीने से बीमार होकर अस्पतालों में इलाजरत रहे उनके इलाज और दवाइयों के खर्च का भुगतान भी सरकार को करना चाहिए।

### स्वर्ण सेना कल करेगी यूजीसी नियम का विरोध

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वर्ण सेना, माँ करणी सेना, परशुराम सेना, वैश्य समाज से जुड़े अनूप शुक्ला, धर्मेन्द्र गौतम, अभय अग्रवाल, मनीष निगम सहित अन्य ने बताया कि यूजीसी मामले में एक तरफा किए गए निर्णय का संयुक्त रूप से कल विरोध किया जाएगा। गांधी हॉल में सुबह 10 बजे एकत्रित होकर वहां से 10.30 बजे कमिश्नर कार्यालय जाकर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

## युवक कांग्रेस की आज से जन अधिकार न्याय यात्रा पांच दिवसीय यात्रा का समापन 1 फरवरी को होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर में दूषित पानी पीने से भागीरथपुरा में कई मौतें हो गई हैं, जो अत्यन्त दुःखद एवं गंभीर हादसा है। शहर की जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है और नगर निगम अधिकारी अभी भी लापरवाह हैं।**



भागीरथपुरा में मृतकों के परिजनों एवं शहर की पीडित् जनता को न्याय दिलाए के उद्देश्य से आज 28 जनवरी से 1 फरवरी तक 5 दिवसीय जन अधिकार न्याय यात्रा शहर की पांच विधानसभा क्षेत्रों निकाली जाएगी। यह जानकारी इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल ने दी। पटेल ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य पीडित् परिवारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाना, जनसमस्याओं की आवाज उठाना व भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक असंवेदनशीलता के खिलाफ जनता को जागरूक करना है। पदयात्रा में 50 तख्तियां एवं 50 ध्वज के साथ डीजे शामिल रहेंगे। आज सुबह विधानसभा क्षेत्र 3 में राजबाड़ा स्थित माता अहिल्या की प्रतिमा से यात्रा की शुरुआत हुई और जिसका समापन शंकरबाग में होगा। 29 जनवरी को विधानसभा क्षेत्र 5 में चौहान नगर से प्रारंभ होकर मुसाखेड़ी में समापन, 30 जनवरी को विधानसभा क्षेत्र 2 में पाटनीपुरा से प्रारंभ होकर गौरीनगर में समापन, 31 जनवरी को विधानसभा क्षेत्र 1 में स्कीम नं. 51 से प्रारंभ होकर बाणेश्वरी कुंड पर समापन होगा। 1 फरवरी को विधानसभा क्षेत्र 4 में हवा बंगला स्थित सांई बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर पांच दिवसीय यात्रा का समापन श्री रणजीत हनुमान मंदिर पर होगा। इसके बाद युवक कांग्रेस द्वारा जिले में भी यात्रा निकाली जाएगी।

## बाकलीवाल की शपथ पर दूसरे गुट की भी लगी रही निगाह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लम्बे समय से दिगम्बर जैन समाज में दो सामाजिक संसद चल रही थी। इन दोनों ही सामाजिक सांसद के अध्यक्षों ने चुनाव कराने की जिम्मेदारी निभाने वाले कांग्रेस नेता विनय बाकलीवाल को ही अध्यक्ष की कमान सौंप दी थी। विगत दिनों शपथ को लेकर बैठक का आयोजन भोजन के साथ किया गया था। अब जाल सभागृह में जिनालय के पदाधिकारियों और समाजजनों व संस्थाओं के पदाधिकारियों की मौजूदगी में शपथ




ग्रहण का आयोजन किया गया। एक गुट अभी भी इस नियुक्ति पर खुश नहीं है और कहना है कि यह नियुक्ति विधान के अनुसार नहीं हुई है इसलिए अब दूसरा गुट नियम अनुसार चुनाव कराने जा रहा है, उस गुट की भी निगाह कल हुए शपथ पर लगी रही। अतिथि के रूप में कल सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति वीएस कोकजे को बतौर अतिथि बुलाया गया था। इधर दो पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी और नरेन्द्र वेद ने कहा कि सबकी सहमति थी तभी हमने विनय बाकलीवाल को अध्यक्ष बनवाया। कल भी विनय बाकलीवाल के अध्यक्ष पद के लिए मौजूद बड़ी संख्या में पदाधिकारी और समाजजनों ने फिर से मुहर लगाई। यह भी बात आई कि दिगम्बर जैन समाज अपना खोया हुआ वर्चस्व चाहता है तो एक नेतृत्व पर सभी को विश्वास करना होगा। इधर दूसरा गुट फिर से चुनाव प्रक्रिया अपनाकर नई सामाजिक संसद गठन करने की जुगत में लगा है। कल के आयोजन में नरेन्द्र वेद, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, अशोक बड़जात्या, ड़ीके जैन, अरविंद जैन, देवेन्द्र सोगानी, राजकुमार पाटोदी, नकुल पाटोदी, धीरेंद्र कासलीवाल आरके जैन रानेका, एसके जैन, धर्मेंद्र जैन, अनामिका बाकलीवाल, पिंकेश टोंग्या, मुकेश टोंग्या, निर्मल सेठी, जैनेश झांझरी, महावीर जैन, संदीप जैन, अनिल जैन, अनु कासलीवाल, डॉ. अनुपम जैन, ऋषभ पाटनी, देवेंद्र सोगानी, राजेश जैन, चिंतन जैन, सुभाष सामरिया, विमल अजमेरा, मनोज सेठी, रानी डौसी, उषा पाटनी, नीलेश वेद, सुयश बाकलीवाल उपस्थित थे।



# भागीरथपुरा हादसे के बाद अब हो रही है एक-एक टंकी की सफाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। भागीरथपुरा में दूषित जल हादसे से करीब 30 लोगों की मौत हो जाने के बाद अब इंदौर नगर निगम के द्वारा लोगों के घर तक पानी पहुंचाने वाली एक-एक टंकी की सफाई की जा रही है।**

शहर में नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नर्मदा पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्त जल टंकियों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही निर्धारित समयावधि में टंकियों की गहन साफ-सफाई एवं आवश्यकतानुसार क्लोरिनेशन का कार्य कराया जा रहा है। आज इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित जल टंकियों की साफ-सफाई का कार्य संपन्न किया गया। इनमें नानक नगर, भंवर कुआं, बिजलपुर एवं मां बिहार कालोनी क्षेत्र की पेयजल टंकी शामिल हैं। सफाई कार्य के दौरान टंकियों के आंतरिक भाग, तल एवं दीवारों की समुचित सफाई करते हुए कीटाणुनाशक प्रक्रिया अपनाई गई, जिससे जल की शुद्धता एवं गुणवत्ता बनी रहे। इसके अतिरिक्त शहर में स्थित अन्य जल टंकियों पर भी नियमित रूप से सफाई, संधारण एवं निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है।

# मास्टर प्लान की सड़कों के बाधक निर्माण हटाने के निर्देश

## एक बार फिर सड़कों की स्थिति को देखने के लिए पहुंचे आयुक्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल ने मास्टर प्लान की सड़कों के बाधक निर्माण हटाने के निर्देश दिए हैं।**

सिंघल द्वारा शहर में निर्माणाधीन मास्टर प्लान की प्रमुख सड़कों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जमजम चौराहा से स्टार चौराहा तक, मूसाखेड़ी चौराहा से सांवरिया धाम मंदिर तक, रिंग रोड खजराना मंदिर द्वार से जमजम चौराहा तक, एडवांस एकेडमी से रिंग रोड तक, भमोरी चौराहा से एम.आर. 10 तक एवं राजशाही गार्डन से होटल भाव तक, साथ ही सांवेर रोड पेट्रोल पंप से शिव शक्ति नगर हनुमान मंदिर तक किए जा रहे सड़क विकास कार्यों का स्थल पर पहुंचकर अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जहां-जहां निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधाएं आ रही हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए। साथ ही सभी कार्यों को तय मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्माण एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।



सिंघल ने कहा कि मास्टर प्लान की सड़कों के पूर्ण होने से शहर में यातायात सुगम होगा, नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी एवं शहर के समग्र विकास को गति प्राप्त होगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

# जैन की हत्या पर आक्रोश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। दिगम्बर जैन समाज से जुड़े नीलेश सेठी ने एरोड्रम रोड पर हुई विधान जैन की हत्या के मामले में आक्रोश जाहिर किया और कहा कि पुलिस ने इस मामले को हलके में लिया था उसी मामले में हत्या हुई है। लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई होना चाहिए।**

# राजनीतिक दलों की बैठक में कांग्रेस ने उठाया 2003 मतदाता सूची का मुद्दा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एसआईआर मुद्दे को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्टर कार्यालय में कल राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई थी। अलग-अलग नेताओं ने एसआईआर मुद्दे पर आ रही दिक्कतों से निर्वाचन अधिकारी नवजीवन पंवार को अवगत भी कराया। कांग्रेस के प्रभारी संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल भी बैठक में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश से आकर कई नागरिक देश-प्रदेश के साथ इंदौर में भी बस चुके हैं और उनका 2003 की मतदाता सूची में नाम नहीं है, उसके पूर्व की सूची में भी नाम नहीं है, लेकिन बाद में मतदाता सूची में नाम किस प्रकार आया और वे सालोंसाल से मतदान कर रहे हैं, लेकिन 2003 की सूची में उनका नाम नहीं आया तो उन्हें नोटिस दिया जा रहा है। बाकलीवाल ने यह मुद्दा भी उठाया कि मतदान केन्द्र बढ़े तो कई परिवारों के नाम अलग-अलग बूथ पर आ गए हैं। बाकलीवाल ने बीएलओ का मुद्दा भी उठाया और कहा कि मतदाता नाम नहीं होने पर पूछने जाते हैं तो बीएलओ द्वारा यही कहा जाता है कि सूची में नाम होगा, नए बूथ बने हैं उन पर नाम होगा। कांग्रेस ने यह भी आपत्ति ली कि आपत्तिकर्ता दूसरी विधानसभा में आपत्ति कैसे ले सकता है, क्योंकि आपत्तिकर्ता को उसी विधानसभा की आपत्ति लेने का अधिकार है। आपत्तिकर्ता का ईपीएफ नंबर व मोबाइल नंबर होना चाहिए, अगर वह गलत पाया जाता है तो आपत्तिकर्ता पर कार्रवाई होना चाहिए। मतदाता के नाम में त्रुटि है तो उसे भी नोटिस दिया जा रहा है, जबकि बीएलओ द्वारा ही मौके पर निराकरण किया जा सकता है।

# टाटा सफारी में एमडी ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार



**इंदौर। शहर में नशे के सौदागरों और ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ जारी अभियान के तहत कनाडिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक लग्जरी कार में सवार युवक को एमडी ड्रग्स के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 5.06 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई है।**




थाना प्रभारी सहर्ष यादव के नेतृत्व में जब पुलिस टीम बिचोली हप्सी रोड पर गश्त कर रही थी, तभी वहां सड़क किनारे एक संदिग्ध सफेद रंग की टाटा सफारी कार खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम ने जब कार की घेराबंदी कर उसमें सवार युवक मनोरंजन पिता अमरेश राय, निवासी मित्र बंधु नगर की तलाशी ली, तो उसके पास से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। तौल करने पर यह 5.06 ग्राम एमडी ड्रग्स पाई गई। पुलिस ने तुरंत ड्रग्स और कार को जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह खुद ड्रग्स पीने का आदी है और अपने शौक के लिए इसे खरीदता है। हालांकि, पुलिस को अंदेशा है कि वह नशे की सप्लाई से भी जुड़ा हो सकता है। पुलिस अब इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रही है कि आरोपी यह ड्रग्स कहां से खरीदकर लाया था और शहर में उसके संपर्क किन नशा तस्करों से हैं। कनाडिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है और उससे ड्रग्स नेटवर्क के बारे में कड़ी पूछताछ की जा रही है।



# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव शुरू

## शाम 7 बजे से शुरू होगी मतगणना, देर रात आएंगे परिणाम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव सुबह 11 बजे से शुरू हुए। एसोसिएशन के 2632 सदस्य अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए 5-5 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। वहीं सहसचिव पद पर 2 और सचिव पद पर 3 प्रत्याशी अपने भाग्य आजमा रहे है। शाम 7 बजे मतगणना शुरू होगी, देर रात तक परिणाम घोषित होंगे। यह चुनाव मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में मनोज द्विवेदी द्वारा करवाया जा रहा है। इस बार हाईकोर्ट के बड़े गार्डन में मतदान केन्द्र बनाया गया है। यहां 40 बूथ, 10 टेबल लगाई गई है। शाम 6 बजे तक मतदान होगा जिसके बाद 1 घंटे बाद मतगणना शुरू होगी। दो कक्षों में मतगणना होगी, करीब 100 लोगों की टीम मतगणना में लगेगी। अध्यक्ष पद के लिए मनीष यादव, गौरव श्रीवास्तव, गोविन्द पालसिंह सोनगरा, पवन जोशी, वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए अभिषेक तुगनावत, अपूर्वा शुक्ला, भावना साहू, मधुसूदन यादव और धर्मेन्द्र साहू चुनावी मैदान में है। सहसचिव पद पर अमित राज और ज्ञानेन्द्र शर्मा के बीच सीधा मुकाबला हो रहा है। सचिव पद पर गोविन्दराय पुरोहित, मनीष गढ़कर और नीलेश मनोरे एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए अमन मालवीय, आर्णिक जैन, बालकृष्ण रायल, राहुल पांचाल, राश्मेन्द्र सूर्यवंशी, शेखर यादव, तेजस जैन और उत्कर्ष देसाई चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे है।

# नंदबाग मर्डर मिस्ट्री का पर्दाफाश

## पहले बांधे हाथ, फिर तेज की टीवी की आवाज और घोंट दिया गला दो कातिल गिरफ्तार

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के नंदबाग में हुई गायत्री धीमान की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने लूट की नीयत से इस वारदात को अंजाम दिया था। उन्हें जानकारी थी कि महिला ब्याज पर रुपए चलाने का काम करती है, जिसके चलते उनके पास बड़ी रकम घर में मौजूद हो सकती है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी वारदात की रात लूट के इरादे से गायत्री धीमान के घर में घुसे थे। इसी दौरान महिला की नींद खुल गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। घबराए बदमाशों ने सबसे पहले कमरे में लगे टीवी की आवाज को फुल कर दिया ताकि चीख-पुकार बाहर न जा सके। इसके बाद आरोपियों और महिला के बीच काफी झड़प हुई, लेकिन आरोपियों ने महिला को दबोच लिया और उनके हाथ बांधकर गला घोंटकर बेरहमी से हत्या कर दी।वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। बाणगंगा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कई संदिग्धों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसके बाद दो आरोपियों को धर दबोचा गया। आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने केवल पैसों के लालच में इस पूरी साजिश को रचा था। पुलिस अब गिरोह के तीसरे फरार सदस्य की तलाश में जुटी है और पकड़े गए आरोपियों से लूटे गए माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।पकड़े गए दो आरोपियो के नाम सुमित मोरे और अमित मोरे बताये जा रहे है।

# बगैर पानी के रैन बसेरा, जरूरतमंदों को नहीं मिल पाता है आसरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नगर निगम का बापट चौराहे पर बना रैन बसेरा पानी की कमी के कारण जरूरतमंदों को आसरा नहीं दे पा रहा है। पानी नहीं होने के कारण यहां आने वाले उल्टे पांव वापस लौट जाते हैं। यहां तक कि सुखलिया क्षेत्र में कई अस्पताल हैं, जहां बड़ी संख्या में मरीजों के परिजन रात गुजारने के लिए ठहरने का स्थान खोजते हैं। यहां रुकने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी आती हैं। लेकिन पानी की कमी की समस्या रैन बसेरे की केयर टेकर पहले ही स्पष्ट कर देती है, जिसके कारण महिलाएं भी यहां नहीं ठहर पातीं।**

**टैंकर से मंगवाना पड़ता पानी, 7 से 8 दिन में मिलता है एक टैंकर पानी**
**महिलाओं को रुकवाने से पहले केयर टेकर बताती पानी नहीं होने की समस्या**

## साल भर बनी रहती है पानी की समस्या

सुखलिया चौराहे के रैन बसेरे को संचालित करने की जिम्मेदारी नगर निगम ने मां आस्था एनजीओ को दी गई है। यहां की केयर टेकर बबीता चौहान बताती हैं कि 30 बेड वाला यह रैन बसेरा है, जहां 10 बेड महिलाओं और 20 बेड पुरुषों के लिए हैं। जरूरत पड़ने पर इसकी संख्या बढ़ाई जा सकती है, लेकिन यह रैन बसेरा पानी की कमी से जूझ रहा है, जिसके कारण जरूरतमंद भी इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। यहां बोरिंग नहीं होने के कारण पानी की कमी हमेशा बनी रहती है। पानी का टैंकर नगर निगम से मंगाना पड़ती है, जिसमें भी 7 से 8 दिन का समय लगता है। एक टैंकर 4 दिन चलता है।

## महिलाओं को उठानी पड़ती है परेशानी

रैन बसेरे की केयर टेकर बबीता चौहान ने बताया कि नगर निगम यहां बोरिंग करवा दे तो यहां ठहरने वालों की परेशानी दूर हो जाएगी। पानी खत्म होने पर सुखलिया पानी की टंकी से पानी की व्यवस्था बाल्टियों से बुलवा कर करनी पड़ती है। कभी-कभी तो महिलाओं को यहां ठहराने से पहले इस असुविधा की जानकारी देना पड़ता है, जिसके बाद महिलाएं पास के सुलभ शौचालय का उपयोग करती हैं और रैन बसेरे में रात रुकती हैं, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में महिलाएं रुकने आती हैं। यहां बड़ी संख्या में अस्पताल हैं और मरीजों के परिजन रात ठहरने आते हैं।

## पानी की कमी बताई गई

सांवेर के अजनौद गांव से अपनी बहू का प्रसव करवाने आई रामबाई मालवीय ने बताया कि बापट अस्पताल में मरीज के साथ एक से अधिक परिजन को रुकने की अनुमति नहीं है, इसलिए हम यहां रैन बसेरे में रुकना चाहते थे, लेकिन पानी की कमी के कारण बताया गया कि यहां रुक सकते हैं, लेकिन पानी की कमी कभी हो सकती है, इसलिए पास में बने सुलभ शौचालय का उपयोग करना पड़ता है।

वर्जन- बोरिंग करवाना यहां की सबसे बड़ी जरूरत है, ताकि जिनके लिए यह रैन बसेरा बनाया गया है, उनके काम आ सके। नगर निगम अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया जा चुका है।

**-बबीता चौहान, रैन बसेरा केयर टेकर**





# ऑफर का फायदा उठाने पहुंचे ज्यूस के शौकीन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यक्षेत्र के मल्हारगंज स्थित सागर ज्यूस पर विशेष ऑफर पर ज्यूस दिया जा रहा है। राजू सागर एवं पुष्पक सागर ने बताया कि एमजी रोड ब्रांच की स्थापना 25 वर्ष पूर्व हुई थी, इसी उपलक्ष्य में 26 जनवरी से 3 दिनों तक सभी ज्यूस 25 रुपये में देने का ऑफर निकाला गया। ऑफर का फायदा उठाने ज्यूस के शौकीनों की सागर ज्यूस पर दिन भर कतार नजर आई। मौसम के बदलते मिजाज के बीच शौकीनों ने अलग अलग ज्यूस एवं शेक लिए।

# क्रेडाई प्रॉपर्टी शो में 6000 से ज्यादा ग्राहकों ने सपरिवार विजिट किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





शहर के सबसे बड़े क्रेडाई प्रॉपर्टी शो को इंदौरवासियों के साथ-साथ सम्पूर्ण मध्यप्रदेश से प्रतिसाद मिला। एमआर-10 स्थित सी-21 एस्टेट ग्राउंड पर आयोजित इस चार दिवसीय प्रॉपर्टी शो का समापन क्रेडाई इंदौर की टीम द्वारा सम्पन्न हुआ। प्रापर्टी शो में 6000 से ज्यादा विज़िटर्स ने निशुल्क ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से प्रवेश कर एक ही स्थान पर विभिन्न नामी डेवलपर्स के रेसिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा ने न केवल विज़िटर्स के लिए शो में भाग लेना आसान बनाया बल्कि उन्हें अपने बजट और ज़रूरत के अनुसार रेडी टू मूव, अंडर कंस्ट्रक्शन और रेडी पज़ेशन प्रॉपर्टीज़ के विकल्प भी उपलब्ध कराए। यह शो संभावित खरीदारों के साथ-साथ डेवलपर्स के लिए भी एक सशक्त मंच साबित हुआ। जहां वे सीधे ग्राहकों से संवाद कर अपने प्रोजेक्ट्स की विशेषताओं को प्रस्तुत कर पाए। प्रॉपर्टी शो के प्रेजेंटिंग पार्टनर एमरल्ड ग्रुप और माइक्रो मिट्टी, गोल्ड स्पॉन्सर के रूप में स्काय अर्थ, लाभम, एम. झवेरी और एसएस इन्फिनिटस जबकि सिल्वर स्पॉन्सर रुचि रियल्टी, शुभम ग्रुप, बीसीएम ग्रुप और ड्रीम ग्रुप थे। साथ ही कंपनी रियल एस्टेट नॉलेज सीरीज़ कल्पवृक्ष इंस्टिट्यूट की पार्टनरशीप में आयोजित की गई। क्रेडाई के प्रेसिडेंट संदीप श्रीवास्तव ने सभी इंदौर वासियो, स्पॉन्सर्स और पार्टिसिपेंट्स का अंत में आभार व्यक्त किया। क्रेडाई चेयरमैन विजय गांधी ने कहा की ग्राहकों को क्रेडाई प्रॉपर्टी फेयर में 200 से प्रोजेक्ट्स का डिस्प्ले और जानकारी मिली है और रिस्पांस को देखते हुए लग रहा है की आने वाले 1-2 वर्ष इंदौर रियल एस्टेट के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकते हैं। क्रेडाई सेक्रेटरी सुमित मंत्री ने आयोजन को बेहद सफल बताया और सम्पूर्ण क्रेडाई टीम को इसका क्रेडिट दिया।

# उद्योग पर हुआ 10 हजार का स्पॉट फाइन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

झोन क्रमांक 17 के अन्तर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 19 कुमेड़ी क्षेत्र में प्लास्टिक रिसाइकल फैक्ट्री उद्योग संचालित किया जा रहा है। रहवासियों ने इस संस्थान के खिलाफ निगम को शिकायत की थी कि वह प्रदूषण फैला रहा है, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद सीएसआई आशीष कापसे और सहायक राजू मीणा ने उद्योग क्षेत्र में पहुंचकर शिकायत को सही पाया और 10 हजार रु. का स्पॉट फाइन किया और दूषित पानी उद्योग से बाहर नहीं आए उसके निर्देश भी दिए गए।

# मेनारिया ब्राह्मण समाज की चुनाव प्रक्रिया पर रोक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मेनारिया ब्राह्मण समाज 52 श्रेणी में चुनाव की प्रक्रिया कराई जा रही थी उसे लेकर प्रक्रिया से नाराज लोगों ने कलेक्टर शिवम वर्मा से मुलाकात कर निर्वाचन में हो रही अनियमितता की जानकारी दी थी। यह भी बताया था कि समाज में इस चुनाव को लेकर असंतोष है और विवाद की स्थिति पैदा हो सकती है। शिकायत के बाद ही संबंधित फर्म और सोसायटी विभाग के अधिकारियों को संज्ञान डाला गया और उसके बाद मेनारिया ब्राह्मण समाज की निर्वाचन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोका गया है। नोटिस में फर्म एंड सोसायटी विभाग द्वारा समाज से आय-व्यय का संपूर्ण विवरण, सीए द्वारा तैयार की गई ऑडिट रिपोर्ट, तथा संस्था से संबंधित अन्य आवश्यक नीतिगत दस्तावेज निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जब तक सभी दस्तावेजों की जांच पूरी नहीं हो जाती और वैधानिक प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित नहीं हो जाता, तब तक किसी भी प्रकार की निर्वाचन गतिविधि नहीं की जाएगी।

# दो दिवसीय टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल होगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** दो दिवसीय टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल 31 जनवरी और 1 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। म.प्र. में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य मध्यप्रदेश फ्लाइंग क्लब और मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला यह आयोजन राऊ स्थित कोरवन हिल्स में होगा। कैप्टन मंदार महाजन, नीरज मुजुमदार, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव ने जानकारी दी।



# जनसुनवाई में आए आवेदन पर सुनवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम मुख्यालय में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के पास कल सुनवाई के लिए 43 आवेदन आए। इनमें अलग-अलग विभाग के मुद्दे थे, आयुक्त ने सभी मुद्दे विभागों को सौंपकर समस्याएं तत्काल हल करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त व विभाग प्रमुख को तत्काल प्रेषित कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# चार यातायात प्रहरियों का सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अलग-अलग चौराहों पर 2895 यातायात प्रहरी पुलिस के साथ जुड़कर अच्छे यातायात के लिए प्रयासरत है, इनमें अच्छे कार्य करने वाले यातायात प्रहरियों का सम्मान भी हर सप्ताह पुलिस कमिश्नर द्वारा किया जाता है। चार यातायात प्रहरियों का सम्मान किया गया। 75 वर्षीय राजेन्द्र तिवारी ने भी इस उम्र में सेवा दी तो उनका भी सम्मान किया गया।



# भीगी पलकों से किया आचार्यश्री को याद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुनि विनम्र सागर महाराज भक्त परिवार द्वारा न्यू देवास रोड पर आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के समाधि दिवस पर एक शाम गुरुवर के नाम का आयोजन किया। मनीष जैन ने बताया कि भजन गायक ऋतिक जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी, तो कई आंखे नम हो गई। एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया, सभापति मुन्नालाल यादव, राहुल सेठी, पार्षद राजीव जैन, डीके जैन, पवन जैन, सुरेन्द्र बाकलीवाल, विनय बाकलीवाल, पूनमचंद सतभैया, कमल अग्रवाल, सिम्पल जैन, मनीष कल्पतरु, सतीश डबडेरा, अनिल जैनको, महेश जैन, विनोद जैन, विशाल जैन, संदीप जैन विवेक जैन सतभैया, अमित जैन, निखिल जैन, नितेश जैन, पवन जैन, दीपक जैन, दिव्यांश जैन, संकल्प जैन, मनीष लोहाड़ियां मौजूद थे।



## उर्स समापन पर रहे मुस्लिम समाजजन मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खजराना स्थित दरगाह सैयद नूरुद्दीन नाहर शाह वली सरकार का उर्स आयोजित किया गया था। अलग-अलग दिन, अलग-अलग आयोजन हुए। कार्यक्रम के समापन पर भी बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन मौजूद रहे। रेहान शेख, डॉ. रिजवान पटेल ने अपनी भूमिका निभाई थी।

## जैन सिटीजन ग्रुप की सभा आयोजित



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन की सभा का आयोजन महावीर बाग में किया गया। रामजी कोकजे गुरुजी अतिथि थे। सुरेश देशलेहरा, श्रेणिक तांतेड़, भंवरलालजी कासवा, विजयसिंहजी नाहर, सुरेन्द्रकुमार मारू, सुरेशचंद जैन, जिनेन्द्रकुमार पारख, गिरीश बाफना, किरण संचेती, अरविंद चौधरी, महेश डाकोलिया उपस्थित थे।



## परमार का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ. भा. बलाई महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के सम्मान का आयोजन सांवरिया धाम मंदिर मूसाखेड़ी में किया गया। आम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। नितिन चंदेल, मलखान कटारिया, किशोर सोलंकी, रमेश तोमर, उदय नागवे, राजेश कोचले, सुनील हिरवे, मनोज सुनेल, महेन्द्र सुनेल, रोहित अंजना, राहुल अंजना, सुनील कटारिया, राकेश गोयल, राजेश मेहरा, बबलू डाबर, सुमित सौराष्ट्रीय, जय प्रकाश मालवीय, रणजीत कनारे, उपस्थित रहे।



## तालाब पर चलाया सफाई अभियान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सामाजिक संस्था प्रज्ञा सागर, प्रबुद्ध संघ एवं लूपिंग कंपनी के साथियों ने काकडपुरा तालाब पर सफाई अभियान चलाया। बड़ी तादाद में कचरा एकत्रित किया गया। हरेराम चौहान अतिथि थे। मुकेश चौहान, आरएस रावत, सतबीर जाट, वेंकट राव, राजेश दुबे, रणछोड़ सोनगरा, तौसीफ शेख, राजेश पंवार, संतोष यादव, उदयसिंह मालवीय, जगमोहन सोनी, पूजा सहित अन्य मौजूद थे।

## पवन जैन के कार्यालय पहुंचे गुरुदेव



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संत गुरुदेव ललितप्रभ सागर म.सा. विहार करते हुए बिजासन रोड स्थित महावीर बाग के समीप पूर्व पार्षद और दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठ पवन जैन के कार्यालय पर पहुंचे और वहां संत की अगवानी की गई, आशीर्वाद भी लिया गया। इस दौरान पवन जैन, पंकज जैन, मुकेश गोधा, सुमित सेठी, विशाल रुचि आंचलिया, कुसुम लता आंचलिया मौजूद थे।

## रामस्नेही संत की जयंती पर होगा आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अंतरराष्ट्रीय श्री रामस्नेही संप्रदाय के मुलाचार्य स्वामी रामचरणजी महाराज की जयंती 1 फरवरी रविवार को छत्रीबाग स्थित रामद्वारा में मनाई जाएगी। इस दौरान शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। आज से दिल्ली से आए संत मुमुक्षु राम के प्रवचन और रामधुन का आयोजन भी किया जाएगा। उक्त जानकारी देवेन्द्र मुछाल, हेमंत काकाणी ने दी।



## मिथिला विकास परिषद का परिवार मिलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मिथिला विकास परिषद महू पीथमपुर द्वारा महाकवि कोकिल विद्यापति की जयंती पर परिवार मिलन समारोह उत्सव का आयोजन खड़े हनुमान मंदिर प्रांगण में किया गया। कवि द्रोणाचार्य दुबे का सम्मान किया गया उसके बाद उन्होंने कविता पाठ भी किया। सैनिक, वरिष्ठजन और मेधावी बच्चों का सम्मान भी हुआ। बच्चों ने प्रस्तुतियां भी दी। उमाशंकर ठाकुर, हरिशंकर सिंह, पवन कुमार झा, दिवाकर ठाकुर, प्रभाकर झा, विजयचन्द्र झा, विजय झा, लक्ष्मण प्रसाद झा मौजूद थे।



## सिखवाल समाजजन रहे मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्रृंगी ऋषि भक्त मंडल और संस्था अभिलाषा के आह्वान पर सिखवाल ब्राह्मण समाजजन नलिया बाखल श्रृंगी ऋषि चौक पर राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम में मौजूद रहे। झंडा वंदन भी किया गया। घनश्याम जोशी, बाबूलाल जोशी, ओमप्रकाश जोशी, गोपाल कोलरिया, विनोद भांडिया सहित अन्य मौजूद थे।



## राजपूत परिषद न्यास की महासभा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्य भारत क्षत्रिय राजपूत परिषद न्यास की महासभा का आयोजन ग्राम जोशी गुराड़िया खंडवा रोड पर किया गया। 12 गांव के राजपूत समाजजन उपस्थित रहे। जोशी गुराड़िया पंच ने सभा की अगवाई की। राजपूत सरदारों का तिलक लगाकर सम्मान भी किया और अगवाई भी की। मेधावी छात्रों का सम्मान हुआ। खुमानसिंह पटेल, सचिन पटेल, खेमराज बारोड़, चम्पालाल पटेल, बनवारीलाल पटेल, सचिनसिंह बिना, गणपतसिंह गोड़, दिनेश पटेल, सुनील केलवा, महेंद्रसिंह पटेल, लक्ष्मणसिंह पटेल, कैलाश मस्करा, छीतू पटेल, मोहनलाल पटेल, मोतीसिंह डाबी, मंगतसिंह पटेल तुलसीराम केलवा, पन्नालाल केलवा सहित अन्य मौजूद थे।



## युवान क्लब का संगीत आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** युवान क्लब ने युवाओं के लिए म्यूजिकल नाइट का आयोजन बिचौली मर्दाना में किया। अर्पित, रूपाली, सौरभ, दिशा, पर्व, अनुश्रुति, दीपाली, रत्नेश, नेहा, ओमिक, दीपू स्मिता, वैभव रोशनी, देवेश रितिका, प्रतीक योगिता मौजूद रहे।

## गुलाब मेला की तैयारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मालवा रोज सोसायटी का गुलाब मेला 31 जनवरी से आयोजित होगा। इसमें 3000 किस्म के गुलाब प्रदर्शित किए जाएंगे। इस बार सीजनल फूलों की रंग-बिरंगी किस्में भी प्रदर्शित की जाएंगी। पहले दिन शाम 4 बजे से इसकी शुरूआत होगी।



# विद्यापति जयंती पर सांस्कृतिक महोत्सव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शहर के अप्रवासी मैथिल समाज से जुडी विद्यापति परिषद द्वारा महाकवि विद्यापति की स्मृति में विद्यापति जयंती समारोह का आयोजन 8 फरवरी को आनंद मोहन माथुर सभागार में किया जाएगा। यह समारोह मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक संगीत और सामाजिक एकता का जीवंत उत्सव होगा। कार्यक्रम में मिथिला के सुप्रसिद्ध गीतकार एवं कलाकार—माधव राय, चांदनी झा 'चकोर', ज्योति प्रिया, गौरव झा और राधे भाई—मैथिली गीतों एवं लोक संगीत पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियाँ देंगे। इसके साथ ही शहर के मैथिल समाज के बालक-बालिकाएँ भी अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। परिषद के मार्गदर्शक लक्ष्मण झा और विजय झा, अध्यक्ष सुमन झा तथा महासचिव कालिकांत पोद्दार ने बताया कि समारोह अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा।

# सखी-बहिनपा मैथिलानी समूह का सेवा कार्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तुलसी नगर स्थित माँ सरस्वतीधाम में सखी-बहिनपा मैथिलानी समूह, इकाई की महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल का टीका लगाया। सखियों ने जरूरतमंदों को कम्बल भी वितरित किए। ऋतु झा, शारदा झा, सुषमा झा, कविता झा, सोनी झा आयोजन से जुडी रही।





# आईपीएस एकेडमी में व्याख्यान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आईपीएस अकैडमी, इंदौर के इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस एंड रिसर्च द्वारा विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। प्रकाश उपाध्याय मुख्य वक्ता थे। प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गुप्ता, अचल चौधरी, योगेन्द्र जैन, निशित जैन, निधि जैन, डॉ. प्रतिभा शर्मा मौजूद थे।



# भक्तिभाव का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। यूनाइटेड क्रिश्चियन फोरम ने चौथी भक्ति भाव का आयोजन किया। 'प्रेयर फॉर इंडिया' ने पंजाब के गायक शम्मी और परी हंस, और पुणे के सनी विश्वास को एक साथ लाया, जिन्होंने भक्ति की धुनें प्रस्तुत कीं। सांसद शंकर लालवानी का स्वागत बिशप थॉमस मैथ्यू ने किया। उक्त जानकारी बी.ए. अलवारिस ने दी।



# कोली समाज के पदाधिकारियों का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री महावर विचार मंच एवं महावर कोली समाज के नंदराम मेहर ने बताया कि संगठन ने कोली समाज के प्रदेश में बने पदाधिकारियों जिनमें प्रकाश महावर कोली, दिनेश वर्मा, ओमप्रकाश धीमान, नवीन चौधरी का सम्मान किया। इस अवसर पर नंदराम मेहर, रुपचंद चौधरी, डॉ. मोहम्मद शमीम, प्रो. शाहिद खान, कैलाशचंद चौधरी, देवीशंकर कोटिया, रमेश चिरगैया, प्रहलाद टाटवाल, सुनील अस्टोलिया, दरियावसिंह बिन्दौरिया, देवीप्रसाद वर्मा मौजूद थे।

# कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जूनी इंदौर मुक्ति धाम सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे भागवत ज्ञानयज्ञ में भागवताचार्य पं. श्याम सुंदर शास्त्री ने कल कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग कथा के दौरान कराया। आज रुकमणि विवाह का प्रसंग होगा। इंद्रानंद क्षोत्रिय, अशोक- संध्या सारडा, शांतिलाल व्यास, ओपी मालू, अरविन्द शर्मा, रामेश्वर कुमावत, प्रमोद खटोड़, प्रेम चौहान, ओमप्रकाश सोनकर, गोविन्द राठी, अनिल राठौड़, रूपेश सोनगरा, मनोरमा शर्मा, सरस्वतीदेवी मौजूद थे।





# एनजीओ का उद्घाटन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था सफलता एक प्रयास द्वारा बाणगंगा क्षेत्र में एनजीओ का उद्घाटन किया गया। महिलाओं को संस्था द्वारा निशुल्क सिलाई व निशुल्क कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अर्जुन नायक, जीवन कनेरिया, रीतेश व्यास, प्रवीण सूर्यवंशी, उज्जवल विकास, दिनेश चौहान मौजूद थे।

# साहित्यिक महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व संवाद केंद्र मालवा एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा नर्मदा साहित्य मंथन के पंचम सोपान के अंतर्गत साहित्यिक महोत्सव 'भारत उदय' का आयोजन 30 जनवरी से 1फरवरी तक तक्षशिला परिसर में स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सभागार में किया जाएगा। इस महोत्सव में देश के लेखक, चिंतक एवं साहित्यकार सहभागिता करेंगे। आयोजन के पोस्टर का विमोचन स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के कार्यालय में सम्पन्न हुआ। कपिल कर्णिक,मनोहर लिम्बोदिया, पंकज क्षीरसागर, बंसीलाल लालवानी, सोनाली यादव, राजू घोलप, जितेंद्र गुप्ता, प्रवीण धनोतिया एवं प्रभात जैन उपस्थित रहे।



# आक्रोशित जैन समाजजनों ने दिया हत्या के विरोध में ज्ञापन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एयरपोर्ट रोड पर अंजनी नगर में 19 वर्षीय युवक विधान लखावत के हत्याकांड पर समूचा जैन समाज तीव्र रूप से आक्रोशित है एवं समाज ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र आरोपी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है। 26 जनवरी की रात्रि घर में घुसकर हमलावर वेदांत सोलंकी ने विधान लखावत एवं उसकी माताजी अनिता लखावत पर चाकू से प्राणघातक हमला किया, जिसके फलस्वरूप विधान की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई एवं अनिता लखावत घायल है। इस मामले में हूमड जैन समाजजनों ने पुलिस अधिकारी मीना चौहान, विवेकसिंह चौहान को कडी और शीघ्र कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। अरविंद बंडी, संजीव तलाटी,पवन बागड़िया, जयदीप कुनिया,भरत पाड़लिया,निखिल हूमड, विपिन गांधी, यशपाल जुवा,रजनीकान्त गांधी, राजेश जैन, यशवंत तलाटी मौजूद थे।



# शर्मा का हुआ पद के बाद सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। ऑल इंडिया बॉडी बिल्डर एसोसिएशन ने सचिव बनने के बाद सुरेश शर्मा का सम्मान किया। राजेश सावनेर, महेश पांजरे सहित अन्य मौजूद थे।







# भारत रक्षा मंच की बैठक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आर्य समाज मंदिर मल्हारगंज पर भारत रक्षा मंच इंदौर विभाग की बैठक आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शित किया गया, सनातन संस्कृति को लेकर भी चर्चा हुई। एचपी तिवारी, अजय शुक्ला, शैलेन्द्र सेठ, राजेश बिंजवे, रीता प्रधान,पंकज सोलंकी, सचिन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# जगद्गुरु शंकराचार्य, ऋषि, मुनि, योगी, साधु, संन्यासी और संत में क्या अंतर है?

**हममें से ज्यादातर लोग शंकराचार्य, ऋषि, मुनि, साधु, संत, योगी और संन्यासी को एक जैसा ही समझ लेते हैं, जबकि असल में ये सब अलग होते हैं। इनका कार्य, आध्यात्मिक ज्ञान, रहन-सहन सब अलग होता है।**

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, भारत में मठों की शुरुआत आदि शंकराचार्य ने की थी। हिंदू दार्शनिक और धर्म गुरु होने के कारण, उन्हें जगद्गुरु शंकराचार्य के नाम से जाना जाता है, जो सनातन धर्म की रक्षा और प्रसार करने का काम करते हैं। इस कार्य के लिए उन्होंने अपने प्रमुख 4 शिष्यों को देश के चारों दिशाओं में स्थापित किए गए मठों का जिम्मा सौंपा। इन मठों के प्रमुख को शंकराचार्य के नाम से जाना जाता है। सनातन धर्म में इनका स्थान सर्वोच्च है। भारत में कुल 4 शंकराचार्य हैं।



ऋषि, मुनि, योगी, साधु, संत और संन्यासी के बीच अधिकतर लोग अंतर नहीं कर पाते हैं। आज के इस लेख के माध्यम से हम आपको भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के के जरिए इन सवाल का जवाब देंगे।

**ऋषि** वे होते हैं, जिन्होंने कठिन तपस्या और ध्यान के जरिए ब्रह्मांडीय सत्य और वेदों के मंत्रों का साक्षात्कार किया। इसलिए ऋषियों को मंत्रद्रष्टा भी कहा जाता है। उन्होंने कई क्षेत्रों में शोध किए। जैसे- चरक ऋषि ने चरक संहिता रची थी, ठीक उसी तरह पतंजलि ऋषि ने योगसूत्र की रचना की। कणाद ऋषि ने ही सबसे पहले बताया था कि प्रत्येक वस्तु सूक्ष्म कणों से बनी हुई है, जिन्हें अणु कहा जाता है। ऋषियों को ज्ञान और तपस्या के आधार पर 4 वर्गों में बांटा गया।

**राजर्षि** ऐसे राजा जो लोगों के बीच रहते हुए भी गहरे ज्ञान को प्राप्त कर लेते हैं। उदाहरण राजा जनक। महर्षि, ऐसे ऋषि जिन्होंने गहरे ज्ञान और तपस्या के बल पर असाधारण सिद्धियां प्राप्त कीं। उदाहरण के लिए महर्षि वेद व्यास और महर्षि विश्वामित्र। ब्रह्मर्षि, ऋषियों का सबसे सर्वोच्च स्तर है। ब्रह्मर्षि वो होते हैं, जिन्हें ब्रह्म का साक्षात्कार प्राप्त किया हो। देवर्षि, ऐसे ऋषि होते हैं, जो तीनों लोकों में विचरण कर सकते हैं। उदाहरण देवर्षि नारद।

**मुनि** वो हैं जो गहन मौन, साधना और ध्यान में लीन हैं। ये अनावश्यक चीजों और वाणी से दूर रहते हैं और अपने मन को ईश्वर से जोड़ने का प्रयास करते हैं। शास्त्रों में मुनियों के लिए कहा गया है कि, मौनं तपो मुनि यानी मौन ही मुनि की तपस्या है।

**योगी** वो है जो योग साधना के जरिए आत्मा और परमात्म से मिलने का संगम करता है। एक योगी का जीवन संतुलन, साधना और अनुशासन का प्रतीक होता है। वो मन, शरीर और प्राण पर नियंत्रण रखता है।

**साधु** वो है जिसने सांसारिक मोह का त्याग करके सेवा, धर्म और भक्ति का मार्ग अपनाया हो।

**संन्यासी** वो है, जिसने परिवार, धन और पद सबकुछ त्याग दिया हो। वो अपना जीवन यापन भिक्षा मांगकर करते हैं और तपस्या-साधना में लीन रहते हैं।

संत वो है जिसने सत्य और ईश्वर का प्रत्यक्ष अनुभव किया हो। और उसे प्रेम और भक्ति के रूप में समाज में पहुंचाया हो।

# फल या फल का रस, कौन है ज्यादा हेल्थ बेनिफिट्स?

**सच** में जूस उतना ही फायदेमंद है जितना पूरा फल। डायटीशियन के अनुसार, डायबिटीज के मरीज हो या बिल्कुल हेल्दी लोग, दोनों के लिए फल खाना जूस पीने से कहीं ज्यादा बेहतर और सुरक्षित ऑप्शन है।

आजकल सेहत को लेकर लोग पहले से ज्यादा सजग हो गए हैं। खासतौर पर डायबिटीज जैसी बीमारी में यह समझना बहुत जरूरी हो जाता है कि क्या खाना सही है और क्या नहीं, अक्सर लोग सोचते हैं कि फल का जूस पीना ज्यादा हेल्दी होता है, क्योंकि वह फल से ही बना होता है। लेकिन क्या सच में जूस उतना ही फायदेमंद है जितना पूरा फल। डाइटीशियन के अनुसार, डायबिटीज के मरीज हो या बिल्कुल हेल्दी लोग, दोनों के लिए फल खाना जूस पीने से कहीं ज्यादा बेहतर और सुरक्षित ऑप्शन है। ऐसे में आइए जानते हैं कि फल और फल के जूस में क्या फर्क है, जूस क्यों नुकसान कर सकता है और फल क्यों सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद माने जाते हैं।

## जूस क्यों नहीं है हमेशा सही?

**ब्लड शुगर तेजी से बढ़ा सकता है -** जब फल को जूस बना दिया जाता है, तो उसमें मौजूद नेचुरल शुगर बहुत जल्दी शरीर में पहुंच जाती है। खासकर बाजार में मिलने वाले पैक्ड जूस या ज्यादा मीठे जूस ब्लड शुगर को अचानक बढ़ा सकते हैं। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए खतरनाक हो सकता है।

**फाइबर खत्म हो जाता है -** फल का सबसे बड़ा फायदा उसका फाइबर होता है। लेकिन जूस बनाते समय यह फाइबर लगभग निकल जाता है। फाइबर न होने की वजह से शुगर सीधे ब्लड में जाती है और शुगर लेवल तेजी से बढ़ता है।

**कैलोरी और चीनी ज्यादा मिलती है -** एक गिलास जूस में कई फलों की मात्रा होती है। इससे शरीर को जरूरत से ज्यादा कैलोरी और शुगर मिल जाती है, जो वजन बढ़ाने और शुगर कंट्रोल बिगड़ने का कारण बन सकती है।

**4. एक्सपर्ट की सलाह -** डाइटीशियन मुस्कान कुमारी बताती हैं कि अगर डायबिटीज का मरीज जूस लेना ही चाहता है, तो वह भी सिर्फ घर का बना ताजा जूस, बहुत कम मात्रा में पैक्ड जूस और बहुत मीठे जूस से पूरी तरह बचना चाहिए।



## फल क्यों है ज्यादा फायदेमंद?

**फाइबर से शुगर रहती है कंट्रोल में -** पूरा फल खाने से शरीर को भरपूर फाइबर मिलता है। यह फाइबर शुगर को धीरे-धीरे ब्लड में पहुंचने में मदद करता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल अचानक नहीं बढ़ता।

**विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर -** फल खाने से शरीर को जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स मिलते हैं, जो इम्यूनिटी मजबूत करते हैं और शरीर को बीमारियों से बचाते हैं।

**प्राकृतिक मिठास होती है सुरक्षित -** फलों में मौजूद मिठास प्राकृतिक होती है। सही मात्रा में फल खाने से यह मिठास शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाती, बल्कि एनर्जी देती है।

**हेल्दी स्नैक का बेस्ट ऑप्शन -** भूख लगने पर फल खाना एक बेहतरीन स्नैक ऑप्शन है। यह पेट भी भरता है और अनहेल्दी चीजें खाने से बचाता है।

## डायबिटीज और नॉर्मल लोगों के लिए सही विकल्प क्या?

डायबिटीज के मरीजों के साथ-साथ नॉर्मल लोगों को भी रोजाना फल खाने की आदत डालनी चाहिए। फल न सिर्फ शुगर कंट्रोल में मदद करते हैं, बल्कि पूरे शरीर को स्वस्थ रखते हैं। अगर आपके आसपास कोई डायबिटीज से पीड़ित है, तो यह जानकारी उनके लिए बहुत जरूरी है। और अगर नहीं है, तब भी अपनी सेहत के लिए फल को जूस से ऊपर रखें।

*अगर आप और आपका पार्टनर लंबे समय से प्रेग्नेंसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो आपने IUI और IVF के बारे में जरूर सुना होगा। ये दोनों ही फर्टिलिटी ट्रीटमेंट हैं, लेकिन प्रोसेस, खर्च और सक्सेस रेट के मामले में दोनों में बड़ा फर्क होता है। सही फैसला लेने के लिए इन दोनों को समझना जरूरी है। चलिए आपको बताते हैं कि आखिर किन कारणों के चलते IUI फेल हो जाता है।*

# IVF से 10 गुना सस्ता प्रेग्नेंसी का यह प्रोसेस

IVF के बारे में हमें काफी कुछ सुनने को मिलता है, चलिए आज हम आपको एक सस्ते प्रेग्नेंसी प्रोसेस के बारे में बताते हैं और उसके फेल होने का कारण भी बताते हैं।

## IUI क्या है?

IUI यानी इंट्रायूटेराइन इनसेमिनेशन को आम भाषा में आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन कहा जाता है। यह IVF की तुलना में ज्यादा आसान और कम इनवेसिव ट्रीटमेंट माना जाता है, इस प्रोसेस में ओव्यूलेशन के समय प्रोसेस किए गए स्पर्म को सीधे गर्भाशय में डाला जाता है, ताकि स्पर्म और एग के मिलने की संभावना बढ़ सके। महिला के मेंस्ट्रुअल साइकिल की शुरुआत से ही अंडों की ग्रोथ पर नजर रखी जाती है। ओव्यूलेशन के करीब पहुंचते ही IUI किया जाता है। स्पर्म सैंपल को लैब में वॉश कर सबसे हेल्दी और एक्टिव स्पर्म को चुना जाता है और एक पतली कैथेटर की मदद से गर्भाशय में डाला जाता है। इसके बाद फर्टिलाइजेशन प्राकृतिक रूप से फैलोपियन ट्यूब में होता है।

## किन लोगों के लिए IUI की सलाह दी जाती है?

IUI को आमतौर पर फर्टिलिटी ट्रीटमेंट का पहला स्टेप माना जाता है। यह उन महिलाओं के लिए उपयुक्त हो सकता है, जिन्हें PCOS जैसे ओव्यूलेशन डिसऑर्डर हों। जिन मामलों में मेल फैक्टर इंफर्टिलिटी हल्की हो, सर्वाइकल म्यूकस से जुड़ी समस्या हो, अनएक्सप्लेंड इंफर्टिलिटी हो या फिर सिंगल वुमन जो डोनर स्पर्म का इस्तेमाल कर रहे हों। आमतौर पर डॉक्टर 3 से 4 IUI साइकल ट्राई करने के बाद IVF की सलाह देते हैं।

**भारत में IUI और IVF का खर्च–** भारत में IUI का खर्च IVF की तुलना में काफी कम होता है। asianinfertility की रिपोर्ट के अनुसार, एक IUI साइकल की औसत लागत करीब 5,000 से 10,000 रुपये के बीच होती है। इसमें दवाइयां, मॉनिटरिंग, स्पर्म प्रोसेसिंग और प्रोसीजर शामिल होते हैं। वहीं IVF की बात करें तो इसकी प्रक्रिया ज्यादा मुश्किल होती है, इसलिए खर्च भी ज्यादा होता है। भारत में एक IVF साइकल का खर्च आमतौर पर 80,000 से 1.5 लाख रुपये तक हो सकता है। इसमें एग निकालना, लैब में फर्टिलाइजेशन, एम्ब्रियो ट्रांसफर और अन्य जांच शामिल होती हैं।

## IUI और IVF की सक्सेस रेट

IVF की तुलना में IUI की सक्सेस रेट कम होती है, लेकिन हल्की फर्टिलिटी समस्याओं में IUI बेहतर विकल्प माना जाता है। IUI की सफलता उम्र, दवाइयों और मेडिकल कंडीशन पर निर्भर करती है। IUI की सक्सेस रेट प्रति साइकल करीब 10 से 20 प्रतिशत होती है। वहीं 3 से 4 साइकल के बाद युवतियों में कुल सफलता 40 से 50 प्रतिशत तक



पहुंच सकती है। IVF की सक्सेस रेट महिलाओं की उम्र 35 साल से कम होने पर 40 प्रतिशत तक हो सकती है। उम्र बढ़ने के साथ यह दर घटती जाती है, लेकिन कई साइकल और एम्ब्रियो सिलेक्शन के साथ सफलता की संभावना ज्यादा हो जाती है।

## IUI फेल होने की 5 बड़ी वजहें

Novaivffertility के अनुसार IUI सस्ता और आसान जरूर है, लेकिन कुछ गलतियां इसकी सफलता को प्रभावित कर सकती हैं, इसमें खराब क्वालिटी के अंडे - ऐसे अंडों में क्रोमोसोमल दिक्कतें हो सकती हैं, जिससे फर्टिलाइजेशन या एम्ब्रियो डेवलपमेंट प्रभावित होता है।

**उम्र का बढ़ना -** 35 साल से कम उम्र में IUI की सफलता ज्यादा होती है, इसके बाद संभावना तेजी से घटती है। 40 साल के बाद IUI प्रभावी नहीं माना जाता।

**स्पर्म क्वालिटी कमजोर होना -** कमजोर या कम एक्टिव स्पर्म फैलोपियन ट्यूब तक नहीं पहुंच पाते। **गलत टाइमिंग -** अगर ओव्यूलेशन के 12–24 घंटे के भीतर स्पर्म मौजूद न हो, तो एग नष्ट हो सकता है। एंडोमेट्रियल लाइनिंग की समस्या - अगर गर्भाशय की परत सही न हो, तो फर्टिलाइज्ड एग इम्प्लांट नहीं हो पाता।

संपादकीय

## मणिपुर में फिर अराजकता, कांगपोकपी में आगजनी के बाद क्या टूट रही है शांति की उम्मीद?

मई, 2023 से मणिपुर में जारी हिंसा की आग का सबसे बड़ा कारण अलग-अलग स्थानीय समुदायों के बीच कई मसलों पर सीधा टकराव रहा है। हिंसा और अराजकता में अब तक वहां ढाई सौ से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए। काफी मुश्किल से मणिपुर में हालात थोड़े काबू में आते दिखने लगे थे और इसी वजह से उम्मीद की जाने लगी थी कि वहां जटिल हो चुकी समस्या का अब शायद कोई समाधान निकल सके। मगर राज्य में बीते कुछ दिनों के भीतर जिस तरह हिंसा की एक नई लहर देखी जा रही है, उससे एक बार फिर स्थिति बिगड़ने की आशंका खड़ी हो गई है। गौरतलब है कि मणिपुर के कांगपोकपी जिले के सोंगलुंग गांव में सोमवार को उग्रवादियों ने कई घरों और फार्म हाउसों में आग लगी दी। यह इलाका कुकी-जो बहुल है और पहले भी कुछ उग्रवादी संगठनों के निशाने पर रहा है। हालांकि आगजनी और हमले में किसी की जान नहीं गई, लेकिन यह साफ है कि इस वारदात का मकसद जातीय तनाव की आग को भड़काना और राज्य को फिर से अराजकता की आग में झोंकना था। इसके संकेत भी सामने आए जब कांगपोकपी जिले के एक कुकी संगठन ने सरकार से चौबीस घंटे के भीतर अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की और ऐसा न होने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। संगठन ने यह भी कहा कि जिले के कुकी बहुल इलाकों के गांवों को जानबूझ कर निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में अगर हालात बिगड़ते हैं तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अफसोस की बात यह है कि हिंसा की आग से उपजी व्यापक त्रासदी के बावजूद अब भी कोई ऐसा हल सामने नहीं आ सका है, जिससे विवाद और टकराव में शामिल सभी समुदाय सहमत हों और शांति की राह निकल सके। इसके उलट अब ऐसे मुद्दों पर भी हिंसक गतिविधियां सामने आती दिखने लगी हैं, जो दो समुदायों के बीच दूरी को पाटने की एक कड़ी बन सकती थी। हाल ही में एक कुकी युवती से विवाह करने वाले मैतेई युवक की संदिग्ध उग्रवादियों ने हत्या कर दी। दूसरी ओर, खबरों के मुताबिक, सोंगलुंग गांव में ताजा हमला करने वाले उग्रवादी संगठन का कहना है कि जिस इलाके में घरों और फार्महाउसों को जलाया गया, वहां अफीम की अवैध खेती होती थी। जबकि कुकी-जो संगठनों का कहना है कि सोंगलुंग गांव में कभी अफीम की खेती नहीं हुई और अस्थायी फार्महाउसों के बजाय आवासीय मकानों को जला दिया गया। सवाल है कि अगर कहीं कोई अवैध गतिविधि चल रही है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी प्रशासन की है या उग्रवादी संगठन की? यह छिपा नहीं है कि मई, 2023 से मणिपुर में जारी हिंसा की आग का सबसे बड़ा कारण अलग-अलग स्थानीय समुदायों के बीच कई मसलों पर सीधा टकराव रहा है। हिंसा और अराजकता में अब तक वहां ढाई सौ से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए। मगर अफसोस की बात है कि मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के सवाल पर उपजे विरोध के बाद जारी हिंसा और अराजकता का हल आज तक नहीं निकल सका है, जबकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय विवाद में शामिल जातीय संगठनों के बीच कई स्तर पर बातचीत हुई। हैरानी की बात है कि देश के किसी भी इलाके में हिंसा और अराजकता जैसे हालात पर काबू पाने के मकसद से गठित सुरक्षा बलों का तंत्र भी वहां नाकाम दिखता है। दरअसल, जिन सवालों पर वहां विभिन्न समुदायों के बीच टकराव खड़ा हुआ, सबसे पहले उसका समाधान निकालने की जरूरत है। मगर इसके लिए ईमानदार इच्छाशक्ति की जरूरत है, जिसका फिलहाल राज्य और शासन से लेकर हर स्तर पर अभाव दिखता है।

# कलयुगी बेटों का आतंक... कहीं शराब के नशे में बुजुर्ग माता-पिता को जूतों से पीटा, तो कहीं मां पर बरसाए लात घूंसे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**चंदन नगर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाली दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं, जहाँ बेटों ने ही अपने जन्मदाताओं पर बेरहमी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पहली घटना ताप्ति परिसर की है, जहाँ नशे में धुत एक बेटे ने केवल इसलिए अपने बुजुर्ग माता-पिता की पिटाई कर दी क्योंकि उन्होंने उसकी पसंद का खाना परोसने से मना कर दिया था।पुलिस ने 68 वर्षीय पीड़ित पिता विजय शुक्ला की शिकायत पर उनके बेटे वैभव शुक्ला के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।**

फरियादी विजय शुक्ला ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा वैभव शराब का आदी है और अक्सर विवाद करता है। सोमवार देर रात जब वह घर पहुँचा, तो उसने अपनी पसंद का खाना बनाने की जिद की। बुजुर्ग पिता ने जब उससे कहा कि काफी रात हो गई है और घर में जो बना है वही खा ले या खुद बना ले, तो आरोपी आपा खो बैठा। वैभव ने अपने माता-पिता को गंदी गालियां देना शुरू कर दिया और विरोध करने पर उन दोनों पर लात-घूंसों व जूतों से हमला कर दिया। इस बर्बर हमले में बुजुर्ग दंपति को काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सीनियर सिटीजन के साथ मारपीट का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इसी थाना क्षेत्र के ग्रीन पार्क इलाके में भी ममता को चोट पहुँचाने वाली एक और वारदात हुई। यहाँ एक झगड़ालू बेटे ने अपनी ही मां के साथ मारपीट की। पीड़िता शबनम पति मुशब्बर शेख की रिपोर्ट पर पुलिस ने उनके बेटे मोहम्मद अली के खिलाफ केस दर्ज किया है। शबनम ने पुलिस को आपबीती सुनाते हुए बताया कि मोहम्मद अली आए दिन घर में क्लेश करता रहता है। जब वह अपना मोबाइल चार्जर लेने घर पहुँचा, तो मां ने उसे हिदायत दी कि वह अपना सारा सामान एक बार में ले जाए और रोज के विवादों के कारण अब घर न आए। इतनी सी बात पर आरोपी बेटा भड़क गया और उसने अपनी मां को गालियां देते हुए उन पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस हमले में महिला के चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

# राजीनामा नहीं करने पर दुकानदार को दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित मालवा मिल इलाके में एक दुकानदार को धमकाने और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। आरोपी पक्ष एक पुराने मामले में समझौता करने के लिए पीड़ित पर दबाव बना रहा था और इनकार करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक ही परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक न्यू गौरीनगर के रहने वाले फरियादी गोलू पिता शारदा प्रसाद श्रीवास ने पुलिस को बताया कि वह अपनी दुकान पर मौजूद था, तभी शिवाजी नगर निवासी आरोपी सूरज, उसके पिता कैलाश, मां गणेशी, पत्नी वंशिका और बहन आरती वहां पहुँचे। इन सभी लोगों ने गोलू को घेर लिया और कहा कि 'अगर तुझे शिवाजी नगर में अपनी दुकान चलानी है, तो पुराने केस में राजीनामा करना ही पड़ेगा।' जब गोलू ने उनकी शर्तों पर समझौता करने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपियों ने गालियां देना शुरू कर दिया।विवाद बढ़ता देख आसपास के लोग वहां इकट्ठा होने लगे, जिन्हें देखकर आरोपी पीछे हटने लगे। हालांकि, जाते-जाते आरोपियों ने गोलू को खुलेआम धमकी दी कि यदि उसने राजीनामा नहीं किया, तो वे उसे जान से खत्म कर देंगे। डरे हुए फरियादी ने तुरंत परदेशीपुरा थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ डराने-धमकाने और गाली-गलौज की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## घर में घुसकर अलमारी तोड़ी सोना-चांदी समेट ले गया बदमाश

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। आजादनगर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर चोरी की वारदात सामने आई है। बदमाश ने सूने घर का फायदा उठाते हुए अलमारी का ताला तोड़ा और उसमें रखे कीमती सोना-चांदी के जेवर समेटकर फरार हो गया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार फरियादी सैयद आकिब अली पिता सैयद अहमद अली (24), निवासी 430 हुसैनी चौक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि 26 जनवरी की शाम करीब 7 बजे से रात साढ़े 11 बजे के बीच आरोपी शहनवाज उर्फ सानू, निवासी हुसैनी चौक, आजादनगर ने उसके घर में घुसकर चोरी की।

आरोपी ने घर में रखी अलमारी का ताला तोड़ा और उसमें से सोने का हार, सोने के कान के लटकन, सोने की चेन, चेन का पेंडल, चांदी की पायल और तीन जोड़ी बिछिया चोरी कर ले गया। आजादनगर पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ केस कायम किया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## क्रिश्चियन कॉलेज के मामले में आज हाईकोर्ट में अर्जेंट सुनवाई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। जिला प्रशासन के द्वारा क्रिश्चियन कॉलेज की 1.702 हेक्टेयर जमीन को शासकीय जमीन घोषित किया गया है। आज इस जमीन का कब्जा लेने की घोषणा की गई थी। इसके पहले क्रिश्चियन कॉलेज प्रबंधन की ओर से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर के समक्ष एक याचिका प्रस्तुत की गई है। इस याचिका की अर्जेंट सुनवाई का आग्रह किया गया है। ऐसे में यह संभव है कि आज न्यायालय में इस याचिका की सुनवाई हो। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा आज सुबह 10:00 बजे क्रिश्चियन कॉलेज की जमीन का कब्जा लेने की जो योजना बनाई गई थी उस योजना को रोक दिया गया है। प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि आज उच्च न्यायालय में सुनवाई होने के उपरांत जो स्थिति बनेगी उसके अनुसार कार्य किया जाएगा। इस मामले में न्यायालय जो निर्देश देगा उसके अनुसार ही जिला प्रशासन के द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दूसरी शादी की जिद पर अड़े पति ने पत्नी को पीटा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। चंदननगर थाना क्षेत्र में एक घरेलू हिंसा का गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ एक पति ने अपनी पत्नी के साथ न केवल मारपीट की बल्कि उसे जान से मारने की धमकी देकर घर से अलग होने का दबाव बनाया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाद की मुख्य वजह पति द्वारा दूसरी शादी करने की जिद बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक ताप्ती परिसर की रहने वाली सोनम ने बताया कि उसने 7 जनवरी 2019 को मनोज मालाकार के साथ मंदिर में प्रेम विवाह किया था। यह सोनम की दूसरी शादी थी। पिछले कुछ समय से मनोज का व्यवहार बदल गया था और वह सोनम को छोड़कर दूसरी शादी करने की योजना बना रहा था। जब भी सोनम इसका विरोध करती, मनोज उसके साथ अभद्रता और गाली-गलौज करता था। मंगलवार रात करीब 9:30 बजे जब सोनम ने फिर से साथ रहने की बात दोहराई, तो मनोज भड़क गया और उसने अश्लील गालियां देते हुए अपनी पत्नी पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान सोनम के दाहिने हाथ की उंगली और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। आरोपी पति ने मारपीट करते हुए साफ लफ्जों में कहा कि वह अब उसके साथ नहीं रहना चाहता और यदि वह अलग नहीं हुई तो उसे जान से खत्म कर देगा। इस घटना के बाद डरी-सहमी पीड़िता चंदननगर थाने पहुँची और पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।



## स्वर्णम वस्त्र सीज़न 4 का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वर्णम वस्त्र सीज़न 4 का आयोजन किया गया। फेशन शो और रचनात्मकता के साथ संदेश भी दिए गए। दीपिका शर्मा, अर्चना गुप्ता, प्रकृति गौड़ की मौजूदगी में आयोजन किया गया। छात्रों ने प्रस्तुतियां दी। आनंदिता यादव, राजेश उषा शर्मा भी मौजूद रहे।



## गणतंत्र दिवस उमंग और हर्षउल्लास से मनाया...

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रायपुरिया स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया, शाला के बच्चों के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये एवं बच्चों को विशेष भोज करवाया गया। कार्यक्रम में शाला के प्रधान अध्यापक एस.एस.डाबर द्वारा शाला की सम्पूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अरविंद जोशी, दीपक कारपेंटर, संतु डाबर, रचना ठाकुर, सुरेन्द्रसिंह राठौर, प्रकाशदास बैरागी सहित अन्य मौजूद थे।

## 12 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पुलिस कमिश्नर ने त्वरित कार्रवाई करने वाले दो पुलिसकर्मियों सहित 12 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया। जिनमें प्रमुख रूप से किशोर चौधरी, राधेशायम राठौर, कपिल सोननिया, शिवराज सिंह, किशनलाल फलवादिया, सौरभ सिंह, विश्वरतन, अरविंद खत्री, संदीप, अंगुरबाला रावत, संजीत, पूनम का सम्मान किया गया।



## पंचकुइया क्षेत्र में पुलिस की बड़ी सर्चिंग



### *अंधेरे स्थानों और शेडो एरिया में अफसरों ने खुद संभाला मोर्चा*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर में अपराधों पर नियंत्रण और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के उद्देश्य से मंगलवार शाम पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मैदानी मोर्चा संभाला। एडिशनल डीसीपी मीना चौहान और एसीपी विवेक सिंह चौहान ने भारी पुलिसबल के साथ पंचकुइया मंदिर नाले के आसपास के संवेदनशील इलाकों में सर्चिंग अभियान चलाया।

पुलिस टीम ने विशेष रूप से पंचकुइया मंदिर नाले के किनारे बने उन स्थानों को निशाना बनाया, जहाँ अंधेरा होने के कारण असामाजिक तत्वों के जमावड़े की संभावना बनी रहती है। एडिशनल डीसीपी मीना चौहान ने पुलिसबल के साथ 'शेडो क्षेत्र' और दुर्गम कोनों की सघन तलाशी ली। इस दौरान नाले के आसपास झाड़ियों और सुनसान पड़े ठिकानों पर भी सर्चिंग की गई ताकि अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम कसी जा सके। अचानक हुई इस भारी पुलिस सर्चिंग से क्षेत्र में घूमने वाले संदिग्ध लोगों और नशा करने वाले असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने इस दौरान कई संदिग्धों को रोककर उनसे पूछताछ की और क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। एसीपी विवेक सिंह चौहान ने बताया कि ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि शहर के सुनसान इलाकों को अपराध मुक्त रखा जा सके और आम नागरिक सुरक्षित महसूस करें।

## चौथे मैच के लिए टीम में हो सकता है बदलाव संजू का कट सकता है पत्ता

**विशाखापत्तनम ।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज पहले ही जीत ली है और अब विशाखापत्तनम में होने वाले चौथे टी20 मैच में वह अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगा। शुरुआती तीन मैचों में भारतीय टीम ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन और गेंदबाजों के अनुशासित खेल के दम पर न्यूजीलैंड को बुरी तरह हराया है और 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। हालांकि, सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का बल्ला अब तक खामोश रहा है, जिन्होंने तीन मैचों में सिर्फ 16 रन बनाए हैं। ऐसे में उनके टीम में बने रहने पर सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर, ईशान किशन शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने तीन मैचों में 224 के स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाए हैं। लेकिन, अगर टीम इंडिया के कैंप से आ रही खबरों और चौथे टी20 से पहले नेट प्रैक्टिस की झलक पर यकीन करें, तो विशाखापत्तनम में संजू सैमसन को ही ओपनिंग का मौका मिलने की उम्मीद है। सैमसन ने मैच से पहले नेट में काफी समय बिताया और कोचों से बातचीत करते भी देखे गए। भारत ने पहले तीन मैचों में प्लेइंग इलेवन में बदलाव करने से परहेज नहीं किया है, जो श्रेयस अय्यर के लिए अच्छी खबर हो सकती है। अय्यर नेट में स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे। एक और सकारात्मक बात यह रही कि अक्षर पटेल अपनी चोट से उबरने के बाद नेट में बल्ले और गेंद दोनों से लय में दिखे। ऐसे में उनके टीम में वापसी की उम्मीद है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि उप-कप्तान के तौर पर उनकी जगह कौन लेगा। कुलदीप यादव का न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अब तक खास नहीं रहा है। वनडे सीरीज में भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक था। दूसरे टी20 में उन्होंने भले ही अच्छा प्रदर्शन किया हो, लेकिन गुवाहाटी में वे तीन ओवर में 32 रन देकर एक भी विकेट नहीं ले पाए। कुलदीप ने दो मैचों में सिर्फ दो विकेट लिए हैं और उनकी इकॉनमी रेट नौ से ऊपर रही है। इसके विपरीत, रवि बिश्नोई तीसरे टी20 में शानदार रहे और उन्होंने दो विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज उन पर हावी नहीं हो सके। वरुण चक्रवर्ती को आराम दिया गया था और उनके वापस आने की उम्मीद है। ऐसे में यह संभव है कि कुलदीप यादव को इस मैच में बेंच पर बैठना पड़े। इसके अलावा, हर्षित राणा को भी आराम दिया जा सकता है और उनकी जगह अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल किया जा सकता है, ताकि भारत सीरीज में 4-0 की बढ़त बना सके।

## प्रथम के दोहरे प्रदर्शन से मां कनकेश्वरी क्लब की विशाल जीत

**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमकेसीसी एवं इंदौर कोल्ट्स के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 41 ओवरो में 235 रन बनाये। प्रथम गोफने ने नाबाद 62 रन एवं समर पटेल ने 32 रन बनाये। अरविंद चौहान ने 4 विकेट एवं तन्मय जैन ने 3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर कोल्ट्स की टीम 29 ओवरो में 70 रनों पर सिमट गई और यह मैच 165 रनों के विशाल अंतर से हार गई । सार्थक जोशी ने नाबाद 30 रन बनाये। प्रथम गोफने एवं समर पटेल ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 5 एवं 4 विकेट लिये।

### श्रीराम स्पोर्ट्स की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच जय गिरनारी एवं श्रीराम स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें जय गिरनारी ने पहले खेलते हुए 33 ओवरो में सभी विकेट खोकर 101 रन बनाये। रूद्राक्ष नागारे ने 30 रन बनाये। भव्य गोठी ने 4 विकेट एवं शिवांग जोशी ने 3 विकेट लिये। जवाब में श्रीराम स्पोर्ट्स ने 17 ओवरो में 2 विकेट खोकर 102 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से आसानी से जीत लिया। यश शुक्ला ने नाबाद 39 रन बनाये।

### आयसीसी की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आयसीसी एवं एनसीए के मध्य खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 6 विकेट पर 267 रन बनाये। अथर्व जायसवाल ने नाबाद 112 रन एवं युग सुनिया ने 43 रन बनाये। जवाब में आयसीसी की टीम ने 47 ओवरो में 9 विकेट खोकर 271 रन बनाकर यह मैच 1 विकेट से रोमांचक अंदाज में जीत लिया । आरव जैन ने 4 विकेट लिये।

### मास्टर ब्लास्टर एकेडमी की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमबीसीए एवं महू स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें महू स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए 34 ओवरो में 129 रन बनाये। सिद्धांत सोनी ने 43 रन एवं सक्षम ने 32 रन बनाये। प्रशांत राजपुत ने 4 विकेट एवं आरव व्यास ने 3 विकेट लिये। जवाब में एमबीसीए की टीम ने 16 ओवरो में 1 विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। आरव व्यास ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 72 रन बनाये।

### एमवायसीसी की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं एसवीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एसवीसीए ने पहले खेलते हुए 16 ओवरो में सभी विकेट खोकर मात्र 40 रन बनाये । अंश लोधी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवरो में 2 रन देकर 5 विकेट लिये। जवाब में एमवायसीसी की टीम ने 6 ओवरो में बिना किसी नुकसान के 42 रन बनाकर यह मैच 10 विकेट से आसानी से जीत लिया।

## सनकी कातिल को जुर्म का पछतावा नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**एरोड्रम थाना क्षेत्र के अंजनी नगर में हुए सनसनीखेज हत्याकांड ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। एकतरफा प्यार में पागल आरोपी वेदांत सोलंकी, जिसने घर में घुसकर युवती के भाई विधान की हत्या की और उसकी मां को लहूलुहान कर दिया, उसे अपनी इस करतूत पर जरा भी अफसोस नहीं है। इस जघन्य वारदात को लेकर जैन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उसे फांसी की सजा दिलाने की मांग की है।**

पुलिस के अनुसार, 26 जनवरी की रात को अंजाम दी गई इस वारदात के बाद आरोपी वेदांत ने खुद के पेट में भी चाकू मारकर जान देने की कोशिश की थी। वर्तमान में उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही उसे अस्पताल से छुट्टी मिलेगी, उसे रिमांड पर लेकर सघन पूछताछ की जाएगी। घायल मां अनिता का उपचार भी जारी है, जिनका बयान इस मामले में सबसे अहम कड़ी साबित होगा।परिजनों और समाजजनों का आरोप है कि आरोपी युवती को लंबे समय से परेशान कर रहा था और जबरन बात करने का दबाव बनाता था। इसकी शिकायत पहले भी पुलिस से की गई थी, लेकिन उस समय पुलिस ने आरोपी से केवल माफीनामा लिखवाकर उसे छोड़ दिया था। समाज का मानना है कि यदि तब पुलिस सख्त कार्रवाई करती, तो आज विधान जिंदा होता। इस लापरवाही को लेकर भी लोगों में खासा गुस्सा देखा जा रहा है।

**ज़ाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार **श्री किसन पिता प्रताप प्रजापत जाति कुम्हार निवासी ग्राम पिपल्या कायस्त तहसील सांवेर जिला इन्दौर** पर निवास करते हैं मेरे पक्षकार की कृषि भूमि जो कि खसरा नंबर 26/4.26/6, (एस) राजस्व रेकार्ड अनुसार ग्राम कायस्त पिपल्या तहसील सांवेर जिला इन्दौर पर स्थित है. इस कृषि भूमि पर एकमात्र आधिपत्य एवं स्वामित्व श्री किसन प्रजापत पिता श्री प्रताप का होकर उक्त भूमि के सबंध में नामान्तरण भी करवा लिया गया है। यदि कोई व्यक्ति संस्था या निकाय उक्त कृषि भूमि के सबंध मे लेनदेन या व्यवहार राधेश्याम प्रजापति से करता है एवं किसी अन्य व्यक्ति को उक्त सबंध में कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर हमारे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करावे। उक्त समयावधि व्यतीत होने के पश्चात हमारे पक्षकार की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

**सतीश वर्मा अभिभाषक**
**110, मनहेरिटेज बिल्डिंग, हाईकोर्ट गेट नंबर 3 के सामने, साउथ तुकोगंज इन्दौर मो. 78695-62059**

# फुटबाल प्रतियोगिता पर स्पॉटिंग यूनियन का कब्जा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

धार नाका युवा मंच महू द्वारा आयोजित राधे श्याम स्मृति जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला दूधिया रोशनी में खेला गया। मैच स्पॉटिंग यूनियन इंदौर और नेशनल फुटबाल क्लब महू के बीच खेला गया। दूधिया रोशनी में खेले गए फाइनल मुकाबले का निर्णय ट्राई ब्रेकर से किया गया जिसमे स्पॉटिंग यूनियन इंदौर ने विजय प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। रामकिशोर शुक्ला ने बताया कि बड़ी संख्या में फुटबाल प्रेमी मौजूद रहे। आतिशबाजी भी की गई। अंत में ट्राई ब्रेकर का सहारा लिया गया



जिसमे स्पॉटिंग यूनियन इंदौर ने जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। अतिथि रमेश मेंदोला, नवीन सैनी,दीपम शुक्ला, कीर्ति तिवारी, राहुल पंवार थे। अतिथियों ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार दिए। अतिथि स्वागत डॉ. राम आशीष शुक्ला, बिट्टी अहीर, राजेंद्र पवार, महेश प्रजापति, अमीन खान, मनोज यादव, राजेश रियार, जय बहादुर, रमेश जोगी, प्रेम यादव, सत्तार, शशि शेखर बानवी, सुमित पाठक, वासुदेव, विशाल यादव, जगदीश, चंपालाल प्रजापति, सुधीर यादव, मनोज यादव, सुरेश परिहार, त्रिलोक वर्मा, मंगल यादव, सोनू कदम, सतीश यादव ने किया। प्रवीण कांबले, ओपी बाथम निर्णायक थे। बच्चन मावी, गोलू वसुनिया, रवि परमार, राजेश चौहान, अशरफ गुड्डू, शिव बाबा, विश्वास दुबे, शशि शेखर बानवीने मौजूद थे।

# म.प्र. की इंसियाह की धमाकेदार जीत दूसरे दौर में पहुंची

**इंदौर।** मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित व यलो डायमंड द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ जे-60 ग्रेड-4 टेनिस चैंपियनशिप के मुख्य दौर में म.प्र. की इंसियाह महूवाला ने धमाकेदार अंदाज में खेलते हुए अमेरिकी खिलाड़ी को मात देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं बालक व बालिका वर्ग के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी जीत हासिल कर अगले दौर में पहुंचे। इन्दौर टेनिस क्लब में खेली जा रही इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टेनिस स्पर्धा के बालिका एकल के पहले दौर में म.प्र. की इंसियाह महूवाला ने अमेरिका की अंशु माथम को थोड़े संघर्ष के बाद 6-0, 7-6(3) से पराजित किया। पहला सेट आसानी से जीतने के बाद दूसरे सेट में क्वालीफायर अंशु ने दमदार वापसी की कोशिश की और सेट को टाईब्रेक तक ले गई, लेकिन इंसियाह ने अपना श्रेष्ठ खेल दिखाया और सेट अपने नाम कर जीत हासिल कर ली। वहीं म.प्र. की सोनिया दत्ता को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। भारत की आहिदा सिंह ने सोनिया को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से मात दी। लगभग 45 मिनट चले मुकाबले में आहिदा ने कोर्ट में चपलता के साथ उम्दा रिटर्न कर सोनिया को कहीं टिकने नहीं दिया।

**शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी अगले दौर में**

### कनिष्क का सफर पहले दौर में ही थमा

क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में प्रवेश करने वाले म.प्र. के कनिष्क खथूरिया का सफर पहले दौर में ही थम गया। भारत के शिवतेज शिरफुले ने कनिष्क को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-1, 5-7 व 6-4 से मात दी। पहला सेट हारने के बाद कनिष्क ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और सेट 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन तीसरे सेट में शिवतेज ने अपना तेज दिखाया और कनिष्क को हार का सामना करना पड़ा।

# केमकर अध्यक्ष व चौघुले सचिव निर्वाचित




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन (एमपीबीए) की वार्षिक साधारण सभा 2025 का आयोजन विदिशा में किया गया, जिसमें एमपीबीए के संविधान के अनुसार चुनाव अधिकारी एपीएस कुशवाह व बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षक मयूर पारीख की उपस्थिति में संपन्न चुनाव प्रक्रिया में एमपीबीए के पदाधिकारी एवं कार्यकारी समिति के सदस्यों के चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में केमकर-अनिल चौघुले की टीम को पुनः निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव में श्री गिरीश केमकर को अध्यक्ष एवं श्री अनिल कृष्णराव चौघुले को सचिव चुना गया। नवगठित कार्यकारिणी का कार्यकाल वर्ष 2025 से 2029 तक रहेगा। एमपीबीए के पदाधिकारियों एवं कार्यकारी समिति के सदस्यों के चुनाव हेतु विदिशा स्थित अमोल रिसोर्ट में आयोजित वार्षिक साधारण सभा में मध्यप्रदेश की विभिन्न जिला बैडमिंटन संघों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। पदाधिकारियों में गिरीश केमकर (अध्यक्ष), डॉ. राकेश पाठक (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), जय सिंह, आलोक खरिया, अजय सोनी, योगेन्द्र सिंह राणा एवं प्रवीण वशिष्ठ (उपाध्यक्ष), अनिल के. चौघुले (सचिव), दीपक श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष) तथा जावेद खान, चंद्रेश खरे एवं गणेशप्रसाद मालवीय (संयुक्त सचिव) निर्वाचित हुए। एक्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्यों में लोकनाथ तिवारी, दिलीप माहेश्वरी, गोपाल शेखर, अरुण रघुवंशी, राजेन्द्र सोनी, दीप सिंह, मोहम्मद इश्तिहाक, खुर्शीद अहमद नियाज़ी एवं रमेश भोयर शामिल हैं। सचिव अनिल के. चौघुले ने बताया कि नई कार्यकारिणी मध्यप्रदेश में बैडमिंटन के विकास हेतु नए प्रयास करेगी तथा खिलाड़ियों, कोचों एवं ऑफिशियल्स को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करेगी। इस अवसर पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को सभी ने बधाइयां दी।

# इंदौर के 22 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे

**इंदौर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नर्मदा पुरम में आयोजित खेलो एम पी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन की ओर से 22 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के एरीना प्रभारी विकास सिमरैया को नियुक्त किया गया। वहीं निर्णायक की भूमिका में नीलम कुलकर्णी, अमन सिंदल व यश डांगी रहेंगे। इस दल के कोच मनीष जोशी को नियुक्त किया गया। खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत ने प्रोत्साहित किया।



# अगले माह देश-विदेश के पहलवान इंदौर में दिखाएंगे अपनी कला

**इन्दौर ।** इंदौर में मां वैष्णो धाम मंदिर मैदान पिपलियाहाना अग्रवाल पब्लिक स्कूल के आगे मिट्टी के अखाड़े में देश ओर विदेश के सबसे बड़े धुरंधर पहलवानों के कुश्ती दंगल का आयोजन 16 फरवरी सोमवार दोपहर 4 बजे से निःशुल्क किया जा रहा है । भाजपा खेल प्रकोष्ठ इंदौर नगर संयोजक मानसिंह यादव ने बताया कि कुश्ती लड़ने के लिए देश के सभी राज्यों के हिंद केसरी , भारत केसरी , रुस्तम ए हिंद , राष्ट्रीय , अंतर राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले , महाराष्ट्र , दिल्ली पंजाब , हरियाणा , उत्तरप्रदेश , राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पानीपत,आगरा, कर्नाटक, के अलावा मध्य प्रदेश के सभी जिलो इंदौर , उज्जैन , रतलाम , भिंड, ग्वालियर, भोपाल , जबलपुर, सीहोर , आष्टा ,देवास , नीमच , हरदा, मंदसौर , बेटमा ,हातोद , धार , देपालपुर ,महू , के सभी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता प्राप्त पहलवान अपने-अपने प्रदेशों के केसरी , अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे ओर आयोजन समिति द्वारा उन्हें लाखों रुपए की इनामी राशि , देश के सबसे धुरंधर पहलवान का खिताब ,गदा , आकर्षक ट्रॉफियां , मेडल ,सर्टिफिकेट , भेंट किए जाएंगे । यह आयोजन कुश्ती प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक और रोमांचक अनुभव बनने जा रहा है। इस दंगल को सफल बनाने के लिए अति शीघ्र एक आयोजन समिति का गठन किया जाएगा



# धर्मेश व मिहिर बैडमिंटन युगल के सेमीफाइनल में

**इंदौर ।** लोनावला महाराष्ट्र में हो रही बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसोसिएशन बिटोआ वार्षिक अधिवेशन में बैडमिंटन युगल में मप्र के धर्मेश यशलहा और असम के मिहिर रतजन्कर ने सेमीफाइनल में जगह बनाई, 20 कोर्ट्स के बी जे के स्पोर्ट्स सेंटर में हो रहे मुकाबले में क्वार्टर फाइनल में धर्मेश यशलहा और मिहिर रतजन्कर ने महाराष्ट्र के उदय साने और संदीप चौधरी को 12-15,15-14,15-13 से हराया । इससे पहले धर्मेश और मिहिर ने प्रवीण कुमार मीणा और अंशुल को 15-6,15-10 से पराजित किया। प्रदीप सावंत और सचिन भारती, शशांक कुलकर्णी और नीरज गुप्ता भी सेमीफाइनल में हैं,एकल में धर्मेश यशलहा गुजरात के विनोद कुंजियां से 6-15,11-15 से पराजित हुए । टेबल टेनिस स्पर्धा में मप्र के धर्मेश यशलहा, झारखंड के शम्भु शरण सहाय से 8-11,6-11,7-11 से पराजित हुए ।

# इंदौर वांडरर्स की चार महिला खिलाड़ी और कोच का मध्य प्रदेश टीम में चयन

**इंदौर।** हैदराबाद (गोचीवली) में 27 से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाली 72वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश महिला कबड्डी टीम का चयन कर लिया गया है। इस टीम में इंदौर वांडरर्स, इंदौर की चार महिला खिलाड़ियों एवं कोच का चयन होना इंदौर के खेल इतिहास के लिए गर्व और सम्मान की बात है। मध्य प्रदेश टीम में चयनित महिला खिलाड़ियों में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी कंचन दीक्षित, मुस्कान शर्मा, प्रीति पाल एवं मनीषा आवासिया शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इन खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते इंदौर कॉरपोरेशन की महिला कबड्डी टीम ने लगातार पाँच वर्षों से राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में विजयश्री प्राप्त की है, जो इनकी प्रतिभा और मेहनत को दर्शाता है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश महिला कबड्डी टीम के मुख्य कोच के रूप में भी इंदौर वांडर्स के मोहित सांवरिया को नियुक्त किया गया है। उनके मार्गदर्शन में टीम से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

इस उपलब्धि पर इंदौर वांडर्स परिवार की ओर से मुख्य संरक्षक दीपक जोशी, पिंटू, संस्था के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंगल, चेयरमैन रमेश सैन, महासचिव धनंजय शर्मा, सचिव प्रकाश गौड़, गोरधन गहरवाल, ब्रजेश बागौरा, अनिल गौड़ , विदुषी व्यास सहित समस्त पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने चयनित महिला खिलाड़ियों और मुख्य कोच को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दो दिनों में दो श्वानों का आतंक





## गुलमर्ग परिसर में 7 लोग बने शिकार खजराना क्षेत्र में एक बालक को बुरी तरह से काटा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पूर्वी क्षेत्र के बिचौली स्थित ग्राम अम्बामोलिया में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित गुलमर्ग परिसर में एक बीमार श्वान का आतंक इतना बड़ा कि दो दिनों में करीब 6 से अधिक लोगों को काटा गया। कुछ लोगों को बुरी तरह से काटा।

श्वान का शिकार 11 साल की छोटी बच्ची भी बनी, वहीं एक महिला के हाथ से लेकर अन्य जगह भी काटा गया। रहवासी वरुण जोशी ने बताया कि विगत चार दिनों से बीमार इन्फेक्टेड डॉग ने 7 लोगों को अपना शिकार बनाया, जिसमें महिला और बच्चे भी शामिल है। राहुल कौशिक, हरीश चौहान, निकुंज अग्रवाल, पंकज शर्मा ने बताया कि बीमार श्वान के आतंक से क्षेत्र के सैकड़ों परिवार कई दिनों से परेशान है। इस श्वान ने एक पालतू श्वान को भी बुरी तरह से झंझोड़ दिया। रहवासियों का कहना है कि हमने इन चार दिनों में इस डॉग को पकड़ने के लिए निगम में शिकायत भी की, लेकिन ध्यान नहीं दिया इसी के चलते 7 लोग इस श्वान के शिकार बने। वहीं दूसरा मामला दूसरे श्वान का खजराना क्षेत्र वार्ड क्रमांक 39 स्थित रॉयल पैलेस कालोनी का है, जहां एक श्वान ने एक बच्चे को बुरी तरह से काटा, बच्चा जब डर के मारे गिरा तो उसके सिर में श्वान ने एक नहीं कई जगह काट लिया और श्वान के दांत से गहरे घाव सिर में इस बच्चे को हो गए। वहीं इस श्वान ने गिरे बच्चे के हाथ और अन्य जगह पर भी काटने की घटना को अंजाम दिया। कुल मिलाकर शहर में कई जगह श्वान के काटने की शिकायतें आ रही है, लेकिन गुलमर्ग और खजराना क्षेत्र की घटना ने चर्चा का विषय बना दिया।

## आरक्षक ने कोचिंग जा रही छात्रा का हाथ पकड़ा

### डायल 100 के रक्षक ने ही कर डाली हरकत, पहले से कर रहा था पीछा,रहवासियों ने किया थाना का घेराव तब जाकर हुआ प्रकरण दर्ज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** छत्रीपुरा थाने में पदस्थ एक आरक्षक द्वारा 10वीं की छात्रा के साथ छेड़छाड़ का शर्मनाक मामला सामने आया है। आरोपी आरक्षक वर्दी का रौब दिखाकर काफी समय से छात्रा का पीछा कर रहा था। मंगलवार को जब उसने सरेराह छात्रा का हाथ पकड़कर बदसलूकी की, तो मामला थाने पहुँचा। आक्रोशित रहवासियों के घेराव के बाद पुलिस ने आरोपी आरक्षक के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार को कोचिंग जा रही थी, तभी जय रामपुर कॉलोनी के पास डायल 100 पर तैनात आरक्षक दीपक ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने जबरन छात्रा का हाथ पकड़ लिया और उसे घर छोड़ने की जिद करने लगा। छात्रा किसी तरह अपना हाथ छुड़ाकर वहां से भागी और कोचिंग पहुँची। पीड़िता के अनुसार, आरोपी आरक्षक पिछले कई दिनों से उसका पीछा कर रहा था और बार-बार रास्ते में रोककर नाम-पता पूछता था। पुलिस की वर्दी में होने के कारण छात्रा डरी हुई थी, लेकिन हिम्मत जुटाकर उसने पूरी बात अपने परिजनों को बताई। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष छत्रीपुरा थाने पहुँचे और जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने आरोप लगाया कि आरक्षक दीपक क्षेत्र की अन्य महिलाओं के साथ भी अक्सर अभद्रता और छेड़छाड़ करता है। हंगामे की सूचना मिलते ही एसीपी हेमंत चौहान मौके पर पहुँचे और स्थिति को संभाला। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी आरक्षक दीपक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## कार की टक्कर से स्वीट्स शॉप मैनेजर की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**खजराना थाना क्षेत्र के रोबोट चौराहे पर मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में बाइक सवार युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक राजवाड़ा क्षेत्र की एक स्वीट्स दुकान में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे और ड्यूटी खत्म कर अपने घर लौट रहे थे।**

मृतक की पहचान 40 वर्षीय राजकुमार पिता गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से भिंड के रहने वाले थे और वर्तमान में खजराना क्षेत्र के देवकी नगर में रहते थे। मंगलवार रात करीब 12 बजे राजकुमार अपनी ड्यूटी पूरी कर बाइक से घर की ओर जा रहे थे, तभी रोबोट चौराहे पर एक अनियंत्रित और तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजकुमार उछलकर काफी दूर सड़क पर जा गिरे और उनके शरीर से अत्यधिक खून बहने लगा। हादसे के समय वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल राजकुमार को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा जिसे अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक गांव भिंड ले जाएगा।

## घर में काम के दौरान बिगड़ी तबीयत महिला की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर थाना क्षेत्र के पवनपुरी पालदा में रहने वाली 50 वर्षीय महिला मीना पति मनोहर की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, मीना कल घर में रोजाना की तरह कामकाज कर रही थीं, तभी उन्हें अचानक चक्कर आए और वे बेसुध होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण साइलेंट अटैक बताया है।



## देर रात होटल बंद कराने पहुंचे पुलिसकर्मी पर हमला

### संचालक और उसके बेटे ने दी नौकरी से निकलवाने की धमकी, केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बाणगंगा थाना क्षेत्र में देर रात ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी के साथ बदसलूकी और मारपीट का मामला सामने आया है। सरकारी समय सीमा समाप्त होने के बाद दुकानें बंद कराने पहुंचे पुलिस जवान पर होटल संचालक और उसके बेटे ने न सिर्फ हमला किया, बल्कि शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए वर्दी उतरवाने तक की धमकी दे डाली। पुलिस ने इस मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

बाणगंगा थाने में पदस्थ 56 वर्षीय मनोज कुमार पिता स्व. भारत सिंह राजपूत मंगलवार देर रात एफआरवी में तैनात होकर गश्त पर थे। देर-रात जब वे बाणगंगा नाका स्थित 'चाट चौपाटी होटल' के पास पहुंचे, तो दुकान खुली हुई थी। पुलिसकर्मी ने जब होटल संचालक को नियम के अनुसार दुकान बंद करने को कहा, तो संचालक प्रकाश सोलंकी और उसका बेटा विशेष सोलंकी आपा खो बैठे। दोनों ने पुलिसकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अश्लील गालियां देनी शुरू कर दीं। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने अपनी दुकान का सामान बाहर फेंकते हुए पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया और उनके साथ झूमाझटकी की। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस जवान को धमकाते हुए कहा कि 'तुम्हारी नौकरी खा जाएंगे।' ड्यूटी पर तैनात लोकसेवक के साथ हुई इस हिंसा के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रकाश सोलंकी और विशेष सोलंकी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## उठावना



पेंशन शिक्षक **श्री बलवंतजी पटेल** का दिनांक 27/01/2026 को निधन हो गया है। उनका उठावना दिनांक 29/01/2026 को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ग्राम अम्बामोल्या में उनके निज निवास पर रखा गया है।

**श्रद्धानवत**

**पुत्र : मांगीलाल पटेल, घनश्याम पटेल**
**सुपौत्र : श्याम पटेल, कमल पटेल, शेखर पटेल**
**भानेज : सदाशिव पटेल, मनोज पटेल**
**एवं समस्त पटेल परिवार**
**ग्राम अम्बामोल्या- 9907089150**

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।